RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-11 | अंक-05 | जयपुर, रविवार, 05 जुलाई 2026 | मूल्य-4 रूपये

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का किया लोकार्पण**

# सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर भारी पड़ी नए भारत की इच्छा-शक्तिः मोदी

## मुश्किल समय में मजबूती से खड़े रह कर देशवासियों ने अस्थिरता फैलाने की साजिशों को किया नाकाम

जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी और अप्रत्याशित क्यों ना हो, नया भारत अपने संकल्पों से ना पीछे हटता है ना ही अपनी रफ्तार कम करता है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं, लेकिन 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर नए भारत की इच्छा-शक्ति और प्रयास भारी पड़े।

प्रधानमंत्री शनिवार को बालोतरा के पचपदरा में आयोजित एक भव्य समारोह में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी सहित 1 लाख 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद प्रदेशवासियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल तथा एचपीसीएल के सीएमडी भी उपस्थित रहे।

## राजस्थान को 1 लाख 5 हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात




प्रधानमंत्री ने रिफाइनरी की मेन कंट्रोल यूनिट का अवलोकन कर शोधन प्रक्रिया, तकनीकों और उत्पादों की जानकारी ली और युवा कार्मिकों एवं प्रबंधन से संवाद किया। उन्होंने श्रमिकों से बातचीत कर उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

### डिप्लोमेटिक पावर का किया सकारात्मक इस्तेमाल

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद भारत ने दूरदर्शी नीति, प्रभावी रणनीति और मजबूत कूटनीति के बल पर देश को ऊर्जा संकट से सुरक्षित रखा। भारत ने हर स्तर पर सही फैसले लेते हुए संकट का समय रहते सटीक आंकलन किया और प्रभावी रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों के संतुलित प्रयोग, डिप्लोमेटिक पावर के सकारात्मक इस्तेमाल और एक दशक से चल रही दूरदर्शी नीतियों के कारण देश इस अप्रत्याशित चुनौती से उबर पाया।

### जो लोग भारत को असफल होते देखना चाह रहे थे,आज वे निराश

उन्होंने कहा कि जब सार्वजनिक तौर पर कुछ ताकतें अफवाह और आशंका फैलाने में व्यस्त थीं, तब दिन-रात मेहनत करते हुए स्थिति को संभालने के लिए नीतिगत और कूटनीतिक स्तर पर अभूतपूर्व कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि देशवासियों को देश की क्षमताओं और सूझबूझ पर भरोसा था। वे इस मुश्किल समय में देश के साथ मजबूती से खड़े रहे। उन्होंने अफवाह, डर और भ्रम फैलाने वालों का सामना किया और देश में अस्थिरता फैलाने की साजिशों को नाकाम किया। देश उसी विश्वास के भरोसे आगे बढ़ पाया। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत को असफल होते देखना चाह रहे थे। इसके लिए भविष्यवाणी करने लग गए थे, वो आज निराशा के गर्त में हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा- हमारे लिए राष्ट्रहित और राष्ट्र के नागरिकों का हित सर्वोपरि है। युद्ध से पहले भारत 25-26 देशों से ही ईंधन का आयात करता था। लेकिन संकट के समय भारत की डिप्लोमेसी का प्रभाव दिखा और युद्ध के दौरान ही भारत 40 से ज्यादा देशों से ईंधन मंगाने लगा।



समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजकीय सेवा में नवनियुक्त युवाओं को अभिनंदन पत्र सौंपे।


### राजस्थान और हरियाणा सरकार मिलकर पहुंचाएंगे शेखावाटी तक पानी

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीयत साफ हो तो कठिन से कठिन लगने वाले संकल्प भी सिद्ध हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने गुजरात में पानी पहुंचाने की योजनाओं पर काम किया और राजस्थान को पानी देने की बात आई तो गुजरात ने राजस्थान के साथ भी पानी साझा किया। आज राजस्थान के कई गांवों तक नर्मदा का पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान और हरियाणा सरकार मिलकर शेखावाटी तक पानी पहुंचाएंगे। शेखावाटी क्षेत्र के जल संकट को दूर करने का इंतजार भी खत्म होने जा रहा है।

### राजस्थान रिफाइनरी राजस्थान की भाग्यरेखा बनेगीः सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लगभग 80 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रिफाइनरी राजस्थान की भाग्यरेखा के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास का नया आधार बनेगी। यह परियोजना प्रदेश के समग्र विकास का ग्रोथ इंजन सिद्ध होगी और पश्चिमी राजस्थान को पेट्रोकेमिकल उद्योगों का प्रमुख हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन



### एयर कनेक्टिविटी के नए युग की होगी शुरूआत

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संशोधित उड़ान योजना का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राजस्थान की समृद्ध विरासत के साथ विकास की झलक

480 करोड़ रुपए की लागत से विकसित जोधपुर एयरपोर्ट का नया टर्मिनल 23 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है तथा इसकी प्रतिवर्ष यात्री क्षमता 20 लाख है। राजस्थान की समृद्ध विरासत से प्रेरित वास्तुकला से निर्मित यह टर्मिनल भवन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है। साथ ही, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और हरित भवन निर्माण पद्धतियों जैसी विशेषताओं के साथ सतत विकास टर्मिनल के डिजाइन के अभिन्न अंग हैं। नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन से बेहतर एयर कनेक्टिविटी के साथ ही पश्चिमी राजस्थान में पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## जयपुर की जीवनरेखा बनेगा 41 किमी लम्बा मेट्रो कॉरिडोर

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर सीतापुरा से लेकर वीकेआईए तक के औद्योगिक एवं आवासीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए जयपुर की जीवनरेखा के रूप में कार्य करेगा। इस कॉरिडोर में कुल 36 स्टेशन होंगे और परियोजना की कुल लागत 13 हजार 37 करोड़ रुपये से अधिक है। इस परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जो भारत सरकार और राजस्थान सरकार की 50:50 साझेदारी वाली संयुक्त कंपनी है।

यह फेज-2 कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआईए, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल और स्टेडियम, अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाईः विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। आलोक कुमार ने कहा इस घटना ने पूरे हिंदू समाज को गहरा आघात पहुंचाया है और संगठन शुरू से ही निष्पक्ष जांच व दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना की जानकारी मिलते ही संगठन ने एफआईआर दर्ज करने, अनुभवी अधिकारियों से जांच कराने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की थी, ताकि जल्द से जल्द सच्चाई सामने आ सके।

## केंद्र ने टेलीग्राम को पायरेसी के खिलाफ खुद से कार्रवाई करने को कहा

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम को नोटिस जारी कर पायरेसी के खिलाफ प्लेटफॉर्म स्तर पर कार्रवाई की करने को कहा है। इसमें बेहतर पहचान, पायरेटेड फिल्मों व ओटीटी कंटेंट को हटाना और चैनलों और समूहों जैसे बार-बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। जानकारी के मुताबिक टेलीग्राम को अपनी शिकायत निवारण और पायरेसी-विरोधी प्रणालियों पर 15 दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। निर्देश में इस बात पर जोर दिया गया है कि कॉपीराइट अधिनियम 1957 व सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952 के तहत भारत में कॉपीराइट उल्लंघन दंडनीय अपराध है, जिसका उद्देश्य घरेलू फिल्म और ओटीटी उद्योग की सुरक्षा करना है।

## सरकार ने 23 आतंकियों की लिस्ट जारी की

### राम मंदिर की रेकी करने वाला आतंकी घोषित, हाफिज सईद का रिश्तेदार

नई दिल्ली




आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत गृह मंत्रालय ने 23 और दहशतगर्दों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम-1967 (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया है। इस कार्रवाई के बाद यूएपीए की चौथी अनुसूची में नामित आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। घोषित 23 आतंकवादियों में 17 पाकिस्तानी और छह भारतीय नागरिक हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि इन आतंकवादियों को औपचारिक रूप से नामित किए जाने से उनके वित्तीय नेटवर्क, आवाजाही, भर्ती क्षमता और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को और मजबूती मिलेगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 23 खूंखार आतंकवादियों को यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये आतंकवादी भारत विरोधी गतिविधियों, आतंकी हमलों, हथियारों की तस्करी, सीमा पार घुसपैठ, आतंकवादी संगठनों की मदद, धन जुटाने और आतंकियों की भर्ती में शामिल रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार घोषित 23 आतंकवादियों में 17 पाकिस्तानी और छह भारतीय नागरिक हैं। सभी वर्तमान में पाकिस्तान या पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) से भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े मसूद इलियास कश्मीरी, मोहम्मद मुसादिक, मुफ्ती मोहम्मद असगर खान, हाफिज अब्दुल शकूर, अब्दुल्ला जिहादी, गुलाम फरीद, अशफाक अहमद, मौलाना इमदाद उल्लाह मक्की और वसीम नूर जाट शामिल हैं। इसके अलावा अब्दुल रऊफ, हाफिज खालिद वालीद, मौलाना सैफुल्लाह खालिद, मोहम्मद याकूब, मौलाना यूसुफ ताईबी, कारी याकूब शेख, राणा इफ्तिखार और मोहम्मद शहीद फैसल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जमात-उद-दावा (जेयूडी), फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ), पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल), अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठनों से जुड़े बताए गए हैं।

## संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से आरंभ होगा जो 13 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को एक्स पर इसकी जानकारी दी। संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों को मानसून सत्र 2026 के लिए बुलाने की स्वीकृति दे दी है। यह सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे। बता दें पिछले बजट सत्र के बाद से संसद के दोनों सदनों में संख्या बल में सत्ता पक्ष मजबूत



हुआ और विपक्ष की संख्या घटी है। ऐसे में सरकार महत्वपूर्ण विशेषकर संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने का प्रयास करेगी।

### चुनाव आयोग सहित राममंदिर दान मामले को उठाएगी : रमेश

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि संसद के आगामी मानसून सत्र में पार्टी विदेश नीति, एसआईआर, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, परिसीमन, एक राष्ट्र-एक चुनाव और अयोध्या राममंदिर में चंदा अनियमितताओं समेत कई मुद्दे उठाएगी। उन्होंने आरोप लगाया देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनावी व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं तथा सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बच रही है।

जयराम रमेश ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी है और राज्यों में संगठनात्मक बैठकों का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा 24 राजनीतिक दलों और निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर बिहार में एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई है।

## एटीएम में कैश डालने वाले 2 कर्मचारी करोड़ों लेकर फरार

### दो दिन तक सिस्टम को नहीं लगी भनक

झुंझुनूं

झुंझुनूं में एटीएम में कैश डालने वाले दो कर्मचारी 1 करोड़ 13 लाख 95 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। तीन दिन तक चली कंपनी की जांच में 28 एटीएम चेक किए गए, जिनमें 9 एटीएम में गड़बड़ी मिली। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि 3 एटीएम में कैश ही नहीं डाला गया। सिर्फ इन्हीं तीन एटीएम में करीब 59.50 लाख रुपए की कमी मिली।

आरोप है कि दोनों कर्मचारी बैंक से कैश लेकर निकले, लेकिन पूरी रकम एटीएम में नहीं डाली और फरार हो गए। उनकी कैश वैन बाद में ड्राइवर के घर के बाहर खड़ी मिली। हैरानी की बात यह है कि करीब 48 घंटे तक कंपनी को इस गड़बड़ी की भनक तक नहीं लगी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हर एटीएम की सुरक्षा दो स्तर पर होती है। पहली तकनीक और दूसरी इंसान। मशीन की सुरक्षा तकनीक करती है, लेकिन मशीन में कैश भरने की जिम्मेदारी कर्मचारियों की होती है। इसी वजह से कैश मैनेजमेंट कंपनियां अपने कर्मचारियों पर सबसे ज्यादा भरोसा करती हैं।

जांच के अनुसार मुख्य आरोपी सुमेर सिंह नवंबर 2025 में कंपनी से जुड़ा था। इसके कुछ महीने बाद मार्च 2026 में उसने अपने गांव सुजडोला निवासी संदीप सिंह को भी कंपनी में नौकरी दिला दी। दोनों एक ही टीम में काम करने लगे।


## राजस्थान में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

### जोधपुर के बालेसर में टिनशेड उड़कर हाईवे पर गिरे, पेड़ टूटा; अलवर में नदी उफान पर

जयपुर

मानसून की रफ्तार बढ़ने के साथ ही राजस्थान में बारिश का दौर भी तेज होने लगा है। लेट आए मानसून ने आधे राजस्थान को कवर कर लिया है। उदयपुर में शनिवार को तेज बारिश हुई। कोटा शहर में रात को 15 मिनट और जिले के मंडाना में 30 मिनट तक बारिश हुई।

जैसलमेर शहर में शाम को तेज हवा के साथ हुई बारिश से शहर की मुख्य सड़कों पर पानी बहने लगा। शहर की गांधी कॉलोनी में तेज हवा



से एक घर की छत पर लगा सोलर पैनल टूटकर सड़क पर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से गाय की मौत हो गई। जिले के रामदेवरा में भी आधे घंटे तक बरसात हुई।

जोधपुर जिले के बालेसर कस्बे में शनिवार शाम करीब 7 बजे आंधी के साथ तेज बारिश हुई। इस दौरान दुकानों पर लगे टिन शेड उड़कर हाईवे पर जा गिरे। सीएचसी में पेड़ टूटकर गिर गया।

इधर, अलवर में रूपारेल नदी उफान पर है। कई गांवों का रास्ता बंद हो गया है। डूंगरपुर जिले में शुक्रवार रात को मूसलाधार बारिश से सड़कें दरिया बन गईं। पानी के बहाव में स्कूटी और बाइक बह गई। कई कॉलोनियों में पानी भर गया।

5 जुलाई को झालावाड़, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और उदयपुर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### गुजरात में तेज बारिश से बाढ़, 19 लोगों का रेस्क्यू

मानसून देश के सभी राज्यों में पहुंच चुका है। गुजरात में शुक्रवार रात और शनिवार सुबह तेज बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

गुजरात के मेंडरडा इलाके में समधियाला गांव के पास बाढ़ के पानी में चार गाड़ियां फंस गईं। जिसमें से 19 लोगों का रेस्क्यू किया गया। उधर, महाराष्ट्र के भिवंडी में बाजार में करीब 3 फीट तक पानी भर गया। दुकानें बंद हो गईं। लोग कमर तक डूबकर सड़क पार कर रहे हैं। राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश के बाद सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के माइनर ओटी में पानी भर गया। यहां से मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पीएम मोदी को धमकी

**कैनबरा।** पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, 'स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।' धमकी सामने आते ही जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी।

## केतन अग्रवाल हत्याकांड: पॉलीग्राफी टेस्ट से खुलेगा सच?

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोहागढ़ किले पर 18 जून को रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की संदिग्ध मौत अब पुलिस जांच में नया मोड़ ले लिया है। केतन की मौत के मामले में मुख्य आरोपी सिया गोयल (20) और उनके कथित प्रेमी चेतन चौधरी (22) पर केतन की हत्या करने का आरोप है। पुलिस का मानना है कि इन दोनों ने मिलकर केतन को खाई में धकेला, लेकिन अभी तक कोई सीधा गवाह या ठोस सबूत नहीं मिल पाया है, जिसके कारण जांच में गतिरोध बना हुआ है। इसकारण पुणे पुलिस ने अब इस केस को आगे बढ़ाने के लिए पॉलीग्राफी टेस्ट का सहारा लेने का फैसला किया है और इसके लिए कोर्ट से अनुमति भी मांग ली गई है। पॉलीग्राफी टेस्ट, इस अक्सर झूठ पकड़ने वाला कहा जाता है, पूरी तरह से सटीक नहीं होता। यह दरअसल किसी व्यक्ति के शरीर में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों, जैसे दिल की धड़कन, रक्तचाप, सांस लेने की दर और पसीने को मापता है। ये परिवर्तन आमतौर पर तब होते हैं जब व्यक्ति तनाव में होता है या झूठ बोल रहा होता है। टेस्ट की शुरुआत एक प्री-टेस्ट इंटरव्यू से होती है, जहाँ परीक्षक आरोपी से बातचीत कर केस और प्रक्रिया समझाता है। इसके बाद, आरोपी के शरीर पर कई सेंसर लगाए जाते हैं, जो इन शारीरिक प्रतिक्रियाओं को रिकॉर्ड करते हैं। इस डेटा का विश्लेषण कर परीक्षक यह अनुमान लगाता है कि क्या व्यक्ति सच बोल रहा है या झूठ। सिया गोयल के पॉलीग्राफी टेस्ट से पुलिस को इस जटिल मामले में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है, जिससे केतन अग्रवाल की मौत का सच सामने आ सकता है।

## एटा में दर्दनाक तिहरा सड़क हादसा, 5 की मौत, दर्जनभर घायल

### - खड़ी बस से टकराए दो वाहन; सीएम योगी ने लिया संज्ञान, जांच शुरू

(एजेंसी)। एटा जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि करीब दर्जनभर लोग घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा बागवाला थाना क्षेत्र के कीलर मऊ के पास हुआ, जब सड़क किनारे खराब खड़ी रोडवेज बस से एक कैंटर और उसके बाद एक सीएनजी टैंकर टकरा गए। जानकारी के अनुसार, एटा डिपो की एक बस खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान, पीछे से तेज गति से आ रहे एक कैंटर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कुछ ही पल बाद, एक सीएनजी टैंकर भी इन वाहनों से जा भिड़ा, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। इस खौफनाक तिहरे हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। करीब 12 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और जिला प्रशासन को तत्काल राहत-बचाव कार्य के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सीएनजी टैंकर होने के चलते दमकल विभाग ने स्थिति को सुरक्षित किया। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है और मृतकों की पहचान स्थापित की जा रही है। रास्ते को क्लियर कर दिया गया है।

## मुरादाबाद रामकुंवर हत्याकांड: 3 दोषियों की उम्रकैद बरकरार, 15 दिन में करना होगा सरेंडर

मुरादाबाद (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद के बहुचर्चित रामकुंवर हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने तीनों दोषियों बलिस्टर, महेश और नरेश की अपीलें खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने कहा कि मामले में प्रस्तुत साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और चिकित्सीय रिपोर्ट अभियोजन पक्ष के आरोपों की पुष्टि करते हैं। खंडपीठ ने तीनों दोषियों को 15 दिन के भीतर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है, अन्यथा उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएंगे। यह सनसनीखेज वारदात 27 सितंबर 1987 की रात मुरादाबाद के थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव बसेरा में हुई थी। मंदिर से अखंड रामायण पाठ सुनकर लौट रहे राम कुंवर को अभियुक्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को घसीटते हुए जंगल ले गए तथा सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस के अनुसार, हत्या की वजह महेश की बहन को भगाने को लेकर रामकुंवर के खिलाफ दर्ज कराया गया पुराना मुकदमा था। बचाव पक्ष ने एफआईआर में देरी और गवाहों के रिश्तेदार होने का हवाला देकर बरी किए जाने की मांग की, लेकिन हाई कोर्ट ने पाया कि प्राथमिकी घटना के साढ़े चार घंटे के भीतर दर्ज हुई थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि केवल रिश्तेदार होने के आधार पर गवाही खारिज नहीं की जा सकती। अदालत ने सभी अपीलों को खारिज कर दिया।

## सोनमर्ग अटल टनल के पास सीआरपीएफ का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 6 जवान घायल

### -घायल जवानों का अस्पताल में इलाज जारी, हादसे के कारणों की जांच शुरू

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सोनमर्ग अटल टनल के पास शुक्रवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सड़क से फिसलकर वाहन पलट जाने से उसमें सवार छह जवान घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए गुंड स्थित सीआरपीएफ शिविर और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है, कि हादसा उस समय हुआ जब सीआरपीएफ का वाहन सोनमर्ग (गगनगीर) सुरंग के निकट से गुजर रहा था। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, सुरक्षा बलों और राहत दल ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया तथा घायल जवानों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर्वतीय और संवेदनशील मार्ग होने के कारण यहां मौसम और सड़क की परिस्थितियां अक्सर चुनौतीपूर्ण रहती हैं।

# सिंधु जल संधि पर भारत अपने रुख पर कायम

### -अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की आपत्तियां खारिज

### -हेग स्थित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन की प्रक्रिया पर भारत ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद एक बार फिर गहरा गया है। भारत ने हेग स्थित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीओए) की कार्यवाही और उसके एकतरफा फैसले को मानने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया है कि संधि के प्रावधानों की अनदेखी कर शुरू की गई किसी भी प्रक्रिया का कोई कानूनी आधार नहीं है। भारत के इस रुख के बाद पाकिस्तान के कई नेताओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत का कहना है कि सिंधु जल संधि में विवादों के समाधान के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया निर्धारित है। नई दिल्ली के अनुसार, तकनीकी विवादों पर पहले न्यूट्रल एक्सपर्ट की नियुक्ति का प्रावधान है और उसके बाद ही अन्य कानूनी विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। भारत का आरोप है कि इस प्रक्रिया का पालन किए बिना समानांतर मध्यस्थता शुरू की गई, जिसे उसने स्वीकार नहीं किया। मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस के महानिदेशक सुजान चिनॉय ने अपने एक विश्लेषण में कहा है, कि भारत ने संधि को स्थगित करने से पहले विश्व बैंक से न्यूट्रल एक्सपर्ट नियुक्त करने का अनुरोध किया था। वहीं पाकिस्तान ने समानांतर रूप से कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन के जरिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। तत्कालीन विश्व बैंक अध्यक्ष ने दोनों प्रक्रियाओं को साथ चलाने की मंजूरी दी, जिसे भारत ने संधि की मूल भावना के विपरीत बताया और इस प्रक्रिया में भाग लेने से इनकार कर दिया।

भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि उसका विरोध कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन की वैधानिकता को लेकर है, न कि परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (पीसीए) जैसी संस्था के अस्तित्व को लेकर। सरकार का कहना है कि वह अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियम-आधारित व्यवस्था का सम्मान करती है, लेकिन प्रक्रियाओं का पालन भी उतना ही आवश्यक है। विश्लेषकों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे उदाहरण पहले भी सामने आए हैं, जब विभिन्न देशों ने कुछ अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक या मध्यस्थता संबंधी फैसलों को स्वीकार नहीं किया। वहीं भारत ने 2014 में बंगाल की खाड़ी समुद्री सीमा विवाद में संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के फैसले को स्वीकार कर अंतर्राष्ट्रीय नियमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की थी।

सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आगे की कूटनीतिक एवं कानूनी प्रक्रिया पर दोनों देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर बनी हुई है।

## बागेश्वर धाम पहुंचे अनंत अंबानी, पूजा-अर्चना की, हाथ में थामी गदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे और रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने बागेश्वर धाम पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने पूजा-अर्चना की। इस दौरान वह धीरेंद्र शास्त्री के साथ पूजा में शामिल हुए। एक वीडियो में अनंत को धीरेंद्र शास्त्री के साथ हाथ में गदा थामे देखा गया। धीरेंद्र शास्त्री मध्य प्रदेश राज्य के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम के मुख्य पुजारी हैं, वह कथा सुनाते हैं। बता दें कुछ दिन पहले अनंत अंबानी ने आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए थे। इस दौरान उन्होंने वहां की सालों पुरानी धार्मिक परंपरा का पालन करते हुए अपने केश भी दान किए। तिरुमला में केश दान को धार्मिक परंपरा का हिस्सा माना जाता है। श्रद्धालु केश दान को भगवान के प्रति श्रद्धा, समर्पण, कृतज्ञता और विनम्रता का प्रतीक मानते है। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर या किसी विशेष संकल्प के तहत भी अपने केश अर्पित करते हैं। तिरुमला में केश दान की यह परंपरा हजारों साल पुरानी मानी जाती है।

# बेंगलुरु डे-केयर केस: वीडियो में मासूमों को टॉर्चर करने वाली महिला गिरफ्तार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में मासूमों के साथ बर्बरता के चर्चित डे-केयर मामले में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने विजयलक्ष्मी नामक महिला को गिरफ्तार किया है, जो वायरल वीडियो फुटेज में बच्चों को अमानवीय रूप से प्रताड़ित करती दिख रही थी। इस मामले में पुलिस ने तीन अन्य लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे गुरुवार को पेश नहीं हुए।

यह गंभीर मामला ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित प्रतिष्ठित आईटी कंपनी कैपजेमिनी के कैंपस के भीतर चल रहे डे-केयर सेंटर से जुड़ा है। यहां दो से तीन साल के बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के वीडियो व्हाट्सएप पर वायरल होने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन तक पहुंचे, जिसके बाद यह क्रूरता उजागर हुई। वीडियो में बच्चों को रोते हुए और उनके साथ मारपीट करते हुए साफ देखा जा सकता है।

शिकायत के अनुसार, रोते हुए बच्चों को चुप कराने के लिए कई अमानवीय तरीके अपनाए गए। आरोप है कि बच्चों को जबरन वॉशिंग मशीन के अंदर बिठाया गया, वेस्टर्न टॉयलेट में बैठाकर जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी डाला गया, और उन्हें बाथरूम में बंद कर चुप रहने की धमकी दी गई। यह सब देखकर बच्चों के माता-पिता गहरे सदमे में हैं।

इस मामले में डे-केयर की पांच महिला कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस शहर के अन्य डे-केयर सेंटरों की जांच कर रही है कि क्या वे निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं। कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खड़गे ने घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर बच्चों के साथ दुर्व्यवहार पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही है।

इस घटना के सामने आने के बाद कैपजेमिनी ने अपने बेंगलुरु कैंपस का डे-केयर सेंटर अस्थायी रूप से बंद किया है और पुलिस जांच में पूरा सहयोग कर रही है। एक डिप्टी कमिश्नर रैंक की महिला अधिकारी मामले की जांच का नेतृत्व कर रही हैं। पुलिस ने साफ किया है कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, और वीडियो तथा सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच जारी है।

## सलमान खान फायरिंग मामले में अनमोल बिश्नोई ने कोर्ट में किया सरेंडर का आवेदन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी की मांग

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल कथित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने विशेष अदालत में एक आवेदन दाखिल कर इस मामले में स्वेच्छा से सरेंडर करने और न्यायिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा जताई है। फिलहाल अनमोल बिश्नोई एक अन्य मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। अनमोल बिश्नोई के वकीलों की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वह निष्पक्ष सुनवाई और न्याय के हित में इस मामले में स्वेच्छा से अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहता है तथा चल रही न्यायिक कार्यवाही का हिस्सा बनना चाहता है। चूंकि वह पहले से ही एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में है, इसलिए वह स्वयं अदालत में उपस्थित नहीं हो सकता।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर संघ: राम भक्तों की भावनाएं आहत, दोषियों को मिले कड़ी सजा

### यह पूरे हिन्दू समाज के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दान पात्रों से चढ़ावा चोरी होने के मामले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना से करोड़ों राम भक्तों की भावना और श्रद्धा को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की अपील की है।

संघ ने कहा कि राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर पीढ़ियों के संघर्ष, समर्पण, त्याग और बलिदान का प्रतिफल है। यह पूरे हिन्दू समाज के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र है। इसके बाद दानपात्रों से राशि की चोरी जैसी घटना अत्यंत निंदनीय और दुखद है, इस घटना ने आरएसएस सहित समूचे समाज की भावनाओं को चोट पहुंचाई है। संघ नेता होसबाले ने कहा कि जांच में जो भी दोषी मिले, उन्हें निश्चित रूप से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। संघ ने एक असाधारण मामला मानकर मांग की है कि मंदिर की व्यवस्था और प्रबंधन में जो भी कमियां हैं, उन्हें तुरंत दूर करे। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राम मंदिर के दान से जुड़ी ऐसी गंभीर घटना को हल्के में न लिया जाए। संघ का मानना है कि लोगों के बीच व्याप्त भ्रम और सवालों का खत्म होना जरुरी है, जिसके लिए मंदिर प्रबंधन और एसआईटी दोनों को मिलकर सभी जरूरी कदम उठाने चाहिए। संघ ने वित्तीय व्यवस्था में पारदर्शिता और उचित संचालन पर जोर दिया ताकि श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर हिंदू समाज का भरोसा बना रहे।

गौरतलब है कि बीते दिनों राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सामने आया था, जिसमें मंदिर के अंदरूनी व्यवस्था से जुड़े कई लोग शामिल मिले। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के ड्राइवर टिन्नू यादव सहित कुल आठ लोगों को मामले में गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों में मंदिर में दान की गणना करने वाले लोग भी शामिल हैं। संघ के बयान के बाद उम्मीद है कि मामले की जांच और भी तेजी से आगे बढ़ेगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## आरोपी लवकुश के नाना की धमकी... हिम्मत हो, तब चलाएं बुलडोजर

### -आरोपी की मां ने कहा, मेरे बेटे को फंसाया जा रहा

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे है। इस मामले में आठ आरोपियों में से एक लवकुश मिश्रा के घर से हाल ही में पुलिस ने 14.25 लाख नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के बाद लव कुश के नाना जगदंबा प्रसाद ने पुलिस और योगी सरकार को सीधा चुनौती देकर कहा, हिम्मत हो, तब चलाएं बुलडोजर।

आरोपी के नाना प्रसाद ने बरामद नकदी पर सवाल उठाकर कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और उन्होंने पुलिस से तलाशी का रिकॉर्ड मांगा है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि उनके घर में, जहां सूखे चारे और कंडों के ढेर में तलाशी ली गई, इतनी बड़ी रकम कैसे मिल सकती है। उन्होंने अपने नाती लव कुश को निर्दोष बताया, जो गाड़ी के शीशे का काम करता था। जगदंबा प्रसाद ने अपने घर की पूरी रजिस्ट्री होने का दावा कर कहा कि वे सरकार और मंदिर ट्रस्ट से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन सब बेकार रहा। इधर, लव कुश की मां ने भी अपने बेटे को निर्दोष बताकर आरोप लगाया कि सुपुत्र को फंसाया जा रहा है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, 14.25 लाख नकद लव कुश के घर में अलमारी और गोबर के ढेर के नीचे छिपाए गए थे। छापेमारी में अहम दस्तावेज और जमीन की रजिस्ट्री के कागजात भी बरामद हुए। जांच में सामने आया कि राम मंदिर ट्रस्ट में 12,000 से 15,000 की मासिक नौकरी करने वाले लव कुश ने अपनी पत्नी सुप्रिया मिश्रा के नाम पर अयोध्या में एक कीमती जमीन खरीदी थी।

इसके बाद अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने सुप्रिया मिश्रा के नाम पर बन रही बिल्डिंग को लेकर नोटिस जारी किया है, जिसमें निर्माण में नियमों के उल्लंघन का आरोप है। एडीए ने एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है और जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण सहित अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।

यह पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज की जांच और चढ़ावे की गिनती में अनियमितताएं सामने आने के बाद उजागर हुआ था। मंदिर ट्रस्ट की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरक्षाकर्मी सहित उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया है, और चोरी की गई नकदी व अन्य कीमती सामान बरामद करने का दावा किया है। इस घटना के बाद राम जन्मभूमि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और चढ़ावे के ऑडिट सिस्टम को पहले से अधिक सख्त कर दिया गया है।

## पंजाब कांग्रेस में कलह: चन्नी और मनीष तिवारी में खटपट

### विस चुनाव में टिकट को लेकर होने लगे दो-दो हाथ



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस आलाकमान भले ही पंजाब में जारी आंतरिक कलह को शांत करने और पार्टी के दिग्गज नेताओं के बीच फिलहाल के लिए समझौता कराने में कुछ सफलता पाई हो, लेकिन पार्टी के भीतर गुटबाजी की दरारें अभी भी बहुत गहरी हैं। सबसे बड़ा पेच अब इस बात पर फंसा है कि क्या अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में मौजूदा लोकसभा सांसदों को टिकट दिया जाना चाहिए या नहीं। यह एक ऐसा मुद्दा है जो पंजाब कांग्रेस में फिर से बड़ा सियासी तूफान खड़ा कर सकता है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी समेत मुख्यमंत्री पद के कई बड़े दावेदार इस समय लोकसभा सांसद हैं।

सूत्रों के मुताबिक, चरणजीत सिंह चन्नी पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष का पद संभालने के लिए बेहद उत्सुक थे। वे अमरिंदर सिंह राजा वारिंग को ही प्रदेश अध्यक्ष पद पर बनाए रखने की हरी झंडी देने के बाद आलाकमान से नाराज हैं। हालांकि, आलाकमान ने संतुलन बनाने के लिए वारिंग को अध्यक्ष और प्रताप सिंह बाजवा को विधायक दल का नेता बनाए रखा है, जबकि चन्नी और अन्य वरिष्ठ नेताओं जैसे लोकसभा सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, अमर सिंह और कांग्रेस के संयुक्त कोषाध्यक्ष विजय इंदर सिंगला को चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण कमेटियों का प्रमुख बनाकर संतुष्ट करने का प्रयास किया है।

कांग्रेस आलाकमान का यह फैसला काफी गहन विचार-विमर्श के बाद आया है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन की अगुवाई वाले तीन सदस्यीय पैनल ने करीब 66 वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनकी राय ली थी। ऐसा इसलिए करना पड़ा क्योंकि पार्टी के एक बड़े धड़े का मानना था कि वारिंग को बदला जाना चाहिए, वहीं वारिंग के समर्थन में भी कई नेता थे। इस सबके बीच, जाट सिख समुदाय के कम से कम 30 नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर समय मांगा था ताकि वे एक दलित सिख नेता के रूप में चन्नी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की पैरवी कर सकें। जैसे ही चन्नी खेमे ने दबाव बनाना शुरू किया, दूसरे गुट भी सक्रिय हो गए। नवंबर 2025 में नियुक्त किए गए अधिकांश जिला अध्यक्षों ने राजा वारिंग का समर्थन किया। दूसरी तरफ, दो बड़े जाट सिख नेताओं प्रताप सिंह बाजवा और सुखजिंदर सिंह रंधावा ने हाथ मिला लिया ताकि चन्नी को इस पद से दूर रखा जा सके। चन्नी विरोधी खेमे ने तो यहां तक प्रस्ताव दे दिया था कि अगर चन्नी को अध्यक्ष बनाया जाता है तो उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। एक तर्क यह भी दिया गया कि चुनाव से कुछ महीने पहले वारिंग को हटाना गलत संदेश देगा।

## कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ईरान प्रतिनिधिमंडल पर राजनीति से बचने की दी सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरानी दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत से प्रतिनिधिमंडल भेजने को लेकर हो रही राजनीतिक बयानबाजी पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने एक सामान्य बात बताकर बेवजह राजनीति न करने की सलाह दी है। कांग्रेस नेता थरूर ने स्वीकार किया कि इतने वरिष्ठ आध्यात्मिक नेता के निधन पर और ऊंचे स्तर पर शोक जताया जा सकता था और किया जाना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने तुरंत जोड़ा कि ऐसी स्थिति में हमेशा उन दिवंगत नेताओं के प्रति सम्मान दिखाना महत्वपूर्ण है जो इतने महत्वपूर्ण पद पर थे। उन्होंने इसकी पुष्टि की कि भारत से एक प्रतिनिधिमंडल ईरान गया है, जिसमें उनके सहयोगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद भी शामिल हैं। केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने इस तरह के आयोजनों को वैश्विक कूटनीति का एक सामान्य हिस्सा बताया। उन्होंने मदर टेरेसा के अंतिम संस्कार और राजीव गांधी की हत्या के बाद भारत आए विश्व भर के नेताओं का उदाहरण देकर कहा, यह सामान्य बात है। दुनिया भर के देशों का शोक व्यक्त करने और दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए जाना एक बहुत ही सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि हमें इसे लेकर कोई बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। थरूर की टिप्पणी उन लोगों के लिए एक सीधा संदेश थी जो ईरान के शीर्ष धार्मिक नेता के निधन पर भारत के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के भेजने पर सवाल उठा रहे थे। उनका मानना है कि इसतरह के अवसर राष्ट्रीय सम्मान और राजनयिक परंपरा का हिस्सा होते हैं, जिन पर अनावश्यक विवाद खड़ा करना उचित नहीं है।



# मानसून सत्र में आ सकता है भ्रष्टाचार-रोधी संविधान संशोधन विधेयक

### -जेपीसी 17 जुलाई को दे सकती है रिपोर्ट, विपक्ष ने प्रस्तावित प्रावधानों पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार आगामी मानसून सत्र में भ्रष्टाचार-रोधी प्रावधानों से जुड़े प्रस्तावित संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 को आगे बढ़ा सकती है। इस विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट 17 जुलाई को मंजूर होने की संभावना है। इसके बाद सरकार समिति की सिफारिशों पर विचार कर विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रख सकती है और फिर संसद में पेश किया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह विधेयक पिछले वर्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किया गया था। प्रस्तावित प्रावधानों के तहत यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी मंत्री को ऐसे मामले में गिरफ्तार किया जाता है, जिसमें पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा का प्रावधान हो, और वह लगातार 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उसके पद पर बने रहने से जुड़े प्रावधान लागू हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, जेपीसी विधेयक के मूल उद्देश्य को बरकरार रखते हुए उसके संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की सिफारिश कर सकती है। समिति यह भी स्पष्ट करने की सिफारिश कर सकती है कि ये प्रावधान केवल गंभीर आपराधिक मामलों पर ही लागू हों, ताकि किसी निर्दोष जनप्रतिनिधि को अनावश्यक नुकसान न उठाना पड़े।

रिपोर्ट के अनुसार संसदीय समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी का कहना है, कि विधेयक का उद्देश्य राजनीति का अपराधीकरण रोकना और संवैधानिक नैतिकता को मजबूत करना है। उनके अनुसार, समिति के समक्ष आए अधिकांश सुझाव सकारात्मक रहे हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस प्रस्तावित संशोधन का विरोध किया है। विपक्षी दलों का आरोप है कि केवल न्यायिक हिरासत के आधार पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद से हटाने का प्रावधान प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत और संघीय ढांचे के विपरीत हो सकता है। उनका कहना है कि दोषसिद्धि से पहले ऐसी कार्रवाई का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा सकता है। जेपीसी में गैर-एनडीए दलों के कुछ सदस्यों ने भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी और अन्य विपक्षी नेताओं का तर्क है कि नए आपराधिक कानूनों के तहत लंबी न्यायिक हिरासत की संभावना को देखते हुए इस प्रकार का प्रावधान निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का माध्यम बन सकता है। बहरहाल यदि जेपीसी 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट सौंप देती है, तो प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक संसद के संभावित 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र के प्रमुख विधायी एजेंडों में शामिल हो सकता है।



# 38 करोड़ की सड़क परियोजना पर बवाल: मंदिर धर्मशाला की दीवार तोड़ने पर भड़के ग्रामीण, निर्माण कार्य रुकवाया





स्मार्ट हलचल

धोड़ गांव में करीब 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सड़क परियोजना विवादों में घिर गई है। केंद्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि (ष्ट्रद्बस्न) योजना के तहत देवाखेड़ा (एनएच-52) से धोड़ होते हुए एनएच-148डी तक लगभग 22 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसी निर्माण कार्य के दौरान भगवान चारभुजा नाथ मंदिर की धर्मशाला की दीवार तोड़े जाने का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और निर्माण कार्य रुकवाते हुए ठेकेदार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बिना समाज की सहमति और बिना पूर्व सूचना के मंदिर धर्मशाला की दीवार तोड़ दी गई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए यदि भूमि की आवश्यकता थी तो पहले प्रशासन और समाज के बीच सहमति बनाई जानी चाहिए थी। धार्मिक स्थल से जुड़ी संपत्ति को बिना अनुमति क्षतिग्रस्त करना पूरी तरह अनुचित है।

विरोध के बाद समाज की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि धर्मशाला की दीवार उसी स्थान पर दोबारा बनाई जाएगी और उसका पूरा खर्च संबंधित ठेकेदार वहन करेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक दीवार का पुनर्निर्माण नहीं हो जाता, तब तक सड़क निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा।

सूचना बोर्ड के अनुसार यह सड़क निर्माण कार्य 23 फरवरी 2026 से शुरू हुआ है और इसकी स्वीकृत लागत 38 करोड़ रुपये है। परियोजना के तहत 22 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी एम/एस तिरुपति एंटरप्राइजेज है तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 22 मई 2027 है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, धार्मिक स्थल को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है। गांव में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है।

**ग्रामीणों के विरोध के आगे झुका ठेकेदार, धर्मशाला की दीवार का पुनर्निर्माण शुरू-**

धोड़ गांव में मंदिर धर्मशाला की दीवार तोड़े जाने के विरोध में ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन का असर तुरंत देखने को मिला। ग्रामीणों के कड़े विरोध और निर्माण कार्य रुकवाने के बाद संबंधित ठेकेदार ने धर्मशाला की दीवार का पुनर्निर्माण शुरू करा दिया। समाज के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पहले दीवार की नींव खुदवाई गई, जिसके बाद उसी स्थान पर नई दीवार का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि समाज की सहमति के बाद ही पुनर्निर्माण कराया जा रहा है और इसका पूरा खर्च ठेकेदार द्वारा वहन किया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक दीवार का निर्माण पूरी तरह पूरा नहीं हो जाता और धार्मिक स्थल को पूर्व स्थिति में नहीं लाया जाता, तब तक वे सड़क निर्माण कार्य पर नजर बनाए रखेंगे।

## फर्म से 2.20 लाख और स्कूटी लेकर फरार कर्मचारी गिरफ्तार




### 90 हजार नकद व स्कूटी बरामद

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** गांधीनगर थाना पुलिस ने फर्म से 2.20 लाख नकद और स्कूटी लेकर फरार हुए कर्मचारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 90 हजार नकद और स्कूटी बरामद की है। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दबोच लिया।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन तथा शहर वृत्ताधिकारी सज्जन सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी कार्तिक मेलाणा ने ई-एफआईआर दर्ज कराई थी कि उसकी फर्म में कार्यरत कर्मचारी 22 मई 2026 को 2.20 लाख नकद और स्कूटी लेकर फरार हो गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुंवरपाल सिंह तंवर उर्फ हैप्पी (24) पुत्र नारायण सिंह तंवर, निवासी बड़ोदिया, थाना बिजयपुर, जिला चित्तौड़गढ़ (हाल निवासी शिवनगर, पुलिस लाइन के पास, गांधीनगर, भीलवाड़ा) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से स्कूटी और 90 हजार नकद बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

# 1.5 करोड़ का पीतल स्क्रैप लूटकांड बेनकाब: मेवात गैंग के दो शातिर दबोचे

## भीलवाड़ा पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, गैंग सरगना समेत दो गिरफ्तार; हरियाणा में 2 करोड़ की लूट कबूली

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** पुलिस ने हाईवे पर ट्रकों को निशाना बनाने वाली अंतरराज्यीय मेवात लूट गैंग का बड़ा पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शाहपुरा थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में करीब 1.5 करोड़ रुपये के पीतल स्क्रैप से भरे ट्रक की लूट का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में मार्च 2026 में हरियाणा के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में करीब 2 करोड़ रुपये के पीतल स्क्रैप से भरे ट्रक की लूट करना भी स्वीकार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य एवं वृत्ताधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरविजन में शाहपुरा थानाधिकारी सुरेश चंद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों से अन्य वारदातों को लेकर गहन पूछताछ जारी है।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम:-**

पुलिस के अनुसार 6 जून 2026 को दिल्ली निवासी नितीन कुमार महाजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई




कि उनकी श्याम ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक 3 जून को दिल्ली से 16-17 टन पीतल स्क्रैप एवं अन्य माल लेकर राजकोट-जामनगर के लिए रवाना हुआ था। 4 जून की रात शाहपुरा टोल पार करने के कुछ किलोमीटर बाद बदमाशों ने ट्रक रुकवाया, चालक के साथ मारपीट कर ट्रक लूट लिया और चालक के हाथ-पैर व मुंह बांधकर मंगलवाड़ चौराहे के पास जंगल में फेंककर फरार हो गए। मामले में शाहपुरा थाने में धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

### गिरफ्तार आरोपी:-

मोसिम उर्फ पोलार्ड (30) पुत्र इब्राहीम, निवासी नंगलीवाल, थाना नौगांव, जिला अलवर।

आबिद खान (31) पुत्र आस मोहम्मद मेव, निवासी हिर्वारी बावनठेरी, थाना फिरोजपुर झिरका, जिला नूंह (हरियाणा), हाल गरीब नवाज कॉलोनी, राजनगर, राजसमंद।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक बालकिशन, साइबर सेल प्रभारी आशीष कुमार (सउनि), हेड कांस्टेबल चन्द्रपाल सिंह (विशेष योगदान), दीपक कुमार, किशोर सिंह (विशेष योगदान), महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल पिंटू कुमार (विशेष योगदान), साहिद तथा हेमंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य खुलासे होने की संभावना है।

# पुश्तैनी बाड़े पर कब्जे के विवाद में खूनी संघर्ष, कुल्हाड़ी के वार से युवक का कान कटा, 3 घायल

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** क्षेत्र के डांग का बाड़ा गांव में पुश्तैनी बाड़े पर कब्जे



को लेकर विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पीड़ित रामराज मीणा ने जहाजपुर थाने में रिपोर्ट देकर आरोप लगाया है कि सात लोगों ने संगठित होकर उसके पुश्तैनी बाड़े पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी, लकड़ी और लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में उसका कान कट गया तथा सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार शनिवार शाम करीब 7 बजे आरोपी पुश्तैनी बाड़े में बाड़बंदी कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए पहुंचे रामराज के भाई रामसिंह पर भी कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिससे वह भी घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंची भाभी मौसमी के साथ भी मारपीट की गई।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। हमले में उसके कपड़े खून से लथपथ हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

पीड़ित ने रिपोर्ट में लालू, फोरू, चेतन, कमलेश, अंबालाल, भागुती सहित सात लोगों के खिलाफ जबरन कब्जे, मारपीट और जान से मारने की नीयत से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा तय कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई से

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि परीक्षा 12 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। आयोग ने परीक्षा स्थगित होने या आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू किए जाने की चर्चाओं का खंडन किया है।

आयोग ने भर्ती के पदों की संख्या में संशोधन करते हुए कुल रिक्तियों को 10,537 से घटाकर 9,651 कर दिया है। यह संशोधन भर्ती नियमों के अनुरूप किया गया है। आयोग के अनुसार मूल विज्ञापन 17 जुलाई 2025 को 6,500 पदों के लिए जारी किया गया था। बाद में शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर पदों की संख्या बढ़ाकर 10,537 कर दी गई थी। हालांकि नियमों के अनुसार किसी भी भर्ती में मूल पदों की संख्या में अधिकतम 50 प्रतिशत तक ही वृद्धि की जा सकती है। इसी प्रावधान के तहत संशोधित शुद्धि-पत्र जारी कर कुल पदों की संख्या 9,651 निर्धारित की गई है।

इस भर्ती के लिए 12.30 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिनके लिए परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी।

### विषयवार संशोधित पद

- गणित: 2,076 पद
- विज्ञान: 2,031 पद
- अंग्रेजी: 1,956 पद
- हिंदी: 1,577 पद
- संस्कृत: 1,323 पद
- सामाजिक विज्ञान: 600 पद
- उर्दू: 71 पद
- पंजाबी: 14 पद
- सिंधी: 2 पद
- गुजराती: 1 पद

आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी सूचना के लिए केवल आरपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट और आधिकारिक नोटिस पर ही भरोसा करें तथा सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचें।

# एक विषय में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी समय पर पूरी कर सकेंगे 12वीं

## एनआईओएस से एक विषय में परीक्षा देकर बचा सकते हैं पूरा शैक्षणिक वर्ष : के.एल. गुप्ता

### नीट-जेईई अभ्यर्थियों के लिए राहत, एक विषय की परीक्षा देकर पूरी होगी पात्रता

स्मार्ट हलचल | कोटा

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) विश्व का सबसे बड़ा ओपन स्कूलिंग बोर्ड है, जो लचीली एवं समावेशी शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से उन विद्यार्थियों को भी शिक्षा का अवसर उपलब्ध करा रहा है, जो किसी कारणवश नियमित विद्यालयों में अध्ययन नहीं कर सकते। क्षेत्रीय निदेशक के.एल. गुप्ता ने बताया कि एनआईओएस माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक, प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत लगभग 67 व्यावसायिक क्षेत्रों में 100 से अधिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम



संचालित करता है। इनकी अवधि छह माह से दो वर्ष तक है, जिससे विद्यार्थी कौशल प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बन सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, श्रमिक, कामकाजी युवा, महिलाएं तथा नियमित शिक्षा से वंचित विद्यार्थी एनआईओएस के माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। अध्ययन के लिए स्व-अध्ययन सामग्री (सेल्फ लर्निंग मैटेरियल) उपलब्ध कराई जाती है तथा अधिकृत अध्ययन केंद्रों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

गुप्ता ने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी 12वीं बोर्ड परीक्षा में केवल गणित, रसायन विज्ञान या किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण रहता है, तो उसे पूरा वर्ष दोबारा नहीं पढ़ना पड़ता। एनआईओएस के माध्यम से वह केवल उसी विषय की परीक्षा देकर वरिष्ठ माध्यमिक योग्यता पूर्ण कर सकता है। इससे नीट, जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को समय पर पात्रता प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

उन्होंने बताया कि स्ट्रीम-2 के अंतर्गत किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी प्रवेश ले सकते हैं। इस श्रेणी में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। ट्रांसफर ऑफ क्रेडिट (टीओसी) सुविधा के तहत पूर्व बोर्ड के अधिकतम दो उत्तीर्ण विषयों का लाभ भी लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एनआईओएस में प्रवेश शुल्क अत्यंत न्यूनतम है तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष शुल्क रियायत दी जाती है। एक बार पंजीकरण होने पर विद्यार्थी पांच वर्ष तक पंजीकृत रहता है और इस अवधि में लगभग नौ अवसरों पर परीक्षा दे सकता है। राजस्थान में वर्तमान में 40 से 50 हजार विद्यार्थी एनआईओएस से जुड़े हैं। राज्य में छह परीक्षा केंद्र तथा कोटा जिले में 36 अधिकृत अध्ययन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को शैक्षणिक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# जयपुर में हिस्ट्रीशीटर दंपती के अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

### सरकारी जमीन कराई मुक्त

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजधानी जयपुर में अपराधियों और भू-अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सांगानेर क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर दंपती द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जयपुर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। कार्रवाई के दौरान सांगानेर थाना पुलिस, अतिरिक्त पुलिस बल और जेडीए की प्रवर्तन टीम मौके पर मौजूद रही।

डीसीपी (पूर्व) रंजिता शर्मा ने बताया कि सांगानेर के कृष्णा विहार निवासी हिस्ट्रीशीटर श्योराज सांसी और गुड्डी सांसी ने अपने मकान के सामने सरकारी भूमि पर अवैध पक्के



एवं कच्चे निर्माण कर आम रास्ते पर टीनशेड लगा दिया था। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

संयुक्त टीम ने बुलडोजर की सहायता से अवैध निर्माण एवं टीनशेड को हटाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अपराधियों और भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी है तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# राजस्थान को 1.05 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, भीलवाड़ा में हुआ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के लिए लगभग 1.05 लाख करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर पचपदरा से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भीलवाड़ा नगर निगम स्थित टाउन हॉल में लाइव प्रसारण किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं और आमजन ने कार्यक्रम का अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने 79 हजार करोड़ से अधिक लागत से तैयार राजस्थान रिफाइनरी को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ ही जयपुर मेट्रो फेज-2 का शिलान्यास, यमुना जल परियोजना के लिए एमओयू तथा ऊर्जा, सड़क, रेलवे, नागरिक उड्डयन और जल क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यभर में





चयनित 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा के नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

भीलवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं तथा राजस्थान रिफाइनरी जैसी परियोजनाएं प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के नए अवसरों को गति देंगी।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान के विकास की दिशा में यह ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने यमुना जल परियोजना, जयपुर मेट्रो सहित अन्य विकास कार्यों को प्रदेश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताया और युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलने को सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के 1,196 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं ने उत्साह व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर प्रशांत मेवाड़ा, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एडीएम (प्रशासन) हरीतिमा, एडीएम (सिटी) प्रतिभा देवठिया, उपखंड अधिकारी अरुण जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नवनियुक्त कार्मिक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### कोतवाली पुलिस ने दिया मानवता का परिचय

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक हुआ गंभीर घायल, पहुंचाया अस्पताल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तेरापंथ नगर के सामने एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने तुरंत मानवता दिखाते हुए घायल को सरकारी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार एक अज्ञात युवक तेरापंत नगर के सामने इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तुरंत सरकारी वाहन से इलाज के लिए महात्मा गांधी जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार किया



जा रहा है। पुलिस का कहना है कि संभवत युवक पटरी पार कर रहा होगा इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया होगा।

हास्य की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। युवक बोलने की स्थिति में नहीं होने के कारण घटना कैसे हुई फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है।

घायल युवक की जेब में कोई भी पहचान के दस्तावेज नहीं होने से फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस घायल युवक की पहचान के प्रयास कर रही है।

# भीलवाड़ा डेयरी में उत्साह के साथ मनाया गया ग्रीन कॉर्पोरेट दिवस, सहकार सप्ताह के तहत किया वृक्षारोपण

## केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल भी आवश्यक: त्रिभुवन पाटीदार

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ ही पांच-पांच पौधे लगाने का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकार सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (भीलवाड़ा डेयरी) परिसर में ग्रीन कॉर्पोरेट दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश देते हुए डेयरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया। भीलवाड़ा डेयरी के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय की



स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में सहकारिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में ग्रीन कॉर्पोरेट दिवस का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक वैश्विक आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के बीच वृक्षारोपण ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। इसी सोच के साथ भीलवाड़ा डेयरी परिवार ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान डेयरी में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पांच-पांच पौधे लगाने एवं उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई। प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है।

यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कुछ पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी सफलता मिल सकती है। ग्रीन कॉर्पोरेट दिवस के इस आयोजन में डेयरी के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दोहराया। सहकार सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि सहकारिता के माध्यम से सामाजिक सरोकारों के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी प्रदान की। भीलवाड़ा डेयरी द्वारा किया गया यह प्रयास क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने और हरित अभियान को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# तहनाल गेट क्षेत्र में जल निकासी सुधारी, तालाबों के आसपास हटाया कचरा

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** मानसून के मद्देनजर नगर पालिका शाहपुरा ने शहर में विशेष स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान चलाते हुए तहनाल गेट स्थित राजकीय विद्यालय के पास जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया। इसके साथ ही तालाबों एवं जल स्त्रोतों के आसपास जमा कचरा, गंदगी और गंदे पानी की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गई, ताकि वर्षा के दौरान जल स्त्रोतों का पानी प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रकाश चंद्र तेली ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को कम करना तथा शहर के तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना है। इसके तहत तहनाल गेट क्षेत्र में पानी की निकासी सुचारु करने के साथ-साथ आसपास फैली गंदगी और कचरे को हटाकर पूरे क्षेत्र को साफ किया गया।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ जल स्त्रोत न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक हैं, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। इसी उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा लगातार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान में जमादार विकास गुसर सहित नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिशासी अधिकारी प्रकाश चंद्र तेली ने मानसून के दौरान शहर के सभी तालाबों, नालों एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित जमादारों और सफाई कर्मचारियों को दिए हैं, ताकि पूरे वर्ष स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे।

# श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट की महिला जिला कार्यकारिणी का गठन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट की जिला महिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर श्री निंबार्क आश्रम, गांधी नगर में महंत मोहन शरण जी शास्त्री के पावन सानिध्य में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट के महिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में संगठन के विस्तार, सेवा गतिविधियों को गति देने तथा जिलेभर में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जिला महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

गठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में शकुन्तला कानूनगो, पुष्पा पारीक एवं शांता सोमानी, उपाध्यक्ष के रूप में नीलम गुप्ता, नीरु चतुर्वेदी एवं प्रेमलता शर्मा, जिला प्रभारी सीमा सोनी, जिला महामंत्री संजना सोनी, मंत्री शालू मानसिंहका एवं अंजली शर्मा, संगठन मंत्री शशि अजमेरा, सह संगठन मंत्री पिंकी सारस्वत, प्रचार मंत्री हंसा व्यास एवं अरुणा शर्मा, मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी अंशुल तिवाड़ी, कार्यालय मंत्री रेखा शर्मा, सदस्यता प्रभारी ममता चिरानिया एवं मंजु मोदानी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख दीपिका अरोड़ा, जिला महिला प्रशिक्षण प्रमुख सीमा पारीक एवं कविता छीपा, जिला



धर्म प्रसार प्रमुख प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला कार्यकारी सदस्य निर्मला लखोटिया, नगर अध्यक्ष पायल सोनी, हलेड़ ग्राम प्रभारी सुन्दरी बाई जाट तथा पूर्वांचल अध्यक्ष रीता तिवाड़ी को दायित्व सौंपे गए।

इसके अतिरिक्त प्रमुख सदस्यों के रूप में ऊषा पारीक, अर्चना ओझा, माया तिवाड़ी, प्रमिला तिवाड़ी, पूजा यादव एवं सुनीता व्यास को शामिल किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों ने समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

महंत मोहन शरण जी शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सेवा, संस्कार और संगठन की भावना से किया गया कार्य समाज और धर्म दोनों को सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए ट्रस्ट की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक का सफल संचालन उद्घोषक हंसा व्यास ने प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया। अंत में सभी ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

# दंतेवाड़ा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे भीलवाड़ा के वीर सपूत खमाण लाल गुर्जर

स्मार्ट हलचल

**आसीन्द (भीलवाड़ा)।** देश की आंतरिक सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिक इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। ऐसा ही एक गौरवशाली नाम है भीलवाड़ा जिले की आसीन्द तहसील के ग्राम गोपालपुरा के वीर सपूत शहीद खमाण लाल गुर्जर का, जिन्होंने नक्सलियों के कायरतापूर्ण हमले का पूरी बहादुरी से सामना करते हुए देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (के0रि0पु0बल) की 31वीं बटालियन में सिपाही के पद पर तैनात खमाण लाल गुर्जर की शहादत की गाथा आज भी युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करती है।

### घात लगाकर किया गया था हमला

घटना 21 मई 2006 की है, जब छत्तीसगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले के पुलिस स्टेशन बिरमगढ़ के अंतर्गत गणेश बहार नाले पर माओवादियों ने एक बड़ी साजिश को अंजाम दिया था। माओवादियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 16 को अवरुद्ध करने के उद्देश्य से सड़क पर पेड़ काट दिए थे और भारी मात्रा में आईईडी बिछा रखे थे।

जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग के अवरुद्ध होने और माओवादियों की हलचल की सूचना के0रि0पु0बल की 31वीं बटालियन को मिली, बल की एक टुकड़ी तुरंत बिना वक्त गंवाए घटना स्थल की ओर रवाना हुई। सिपाही खमाण लाल भी इस टुकड़ी का हिस्सा थे। जैसे ही सैनिकों की टुकड़ी गणेश बहार नाले के पास पहुँची, घात लगाकर बैठे माओवादियों ने अचानक हमला बोल दिया और जोरदार आईईडी विस्फोट कर दिया।

### घायल होने के बावजूद नहीं मानी हार

इस भयानक बारूदी विस्फोट की चपेट में आने से सिपाही खमाण लाल बुरी तरह घायल हो गए। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कोई भी आम इंसान हिम्मत हार बैठता, लेकिन खमाण लाल के सीने में देशप्रेम और वीरता का लहू उबल रहा था। गंभीर रूप से लहूलुहान होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी राइफल थामी और माओवादियों पर




जवाबी हमला बोल दिया। घायल अवस्था में ही उन्होंने अकेले कई माओवादियों का डटकर मुकाबला किया और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर करते हुए दुश्मन खेमे को भारी नुकसान पहुँचाया।

गातार मुकाबला करते हुए जब स्थिति नियंत्रण में आई, तब तक वीर सिपाही अत्यधिक खून बह जाने के कारण अचेत हो चुके थे। उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### 5 जुलाई को ली अंतिम सांस

दिल्ली के अस्पताल में करीब डेढ़ महीने तक जीवन और मृत्यु के बीच चले संघर्ष के बाद, अंततः 5 जुलाई 2006 को इस जांबाज सैनिक ने अपनी अंतिम सांस ली और वीरगति को प्राप्त हो गए।

शहीद खमाण लाल गुर्जर की यह शहादत देश हमेशा याद रखेगा। उनकी वीरता ने न केवल उनके परिवार और भीलवाड़ा जिले का, बल्कि पूरे राजस्थान और देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आज उनकी शहादत की बरसी के अवसर पर पूरा देश इस वीर सपूत को नमन करता है और उनकी वीरांगना पत्नी श्रीमती मंजू देवी एवं उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता प्रकट करता है।

### शहीद परिचय एवं विवरण:

नामः शहीद खमाण लाल गुर्जर
पद व बटालियनः सिपाही, 31 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
शहादत की तिथिः 05 जुलाई 2006
उत्तराधिकारीः श्रीमती मंजू देवी (पत्नी)
स्थायी पताः ग्राम - गोपालपुरा, पोस्ट - दड़ावत, तहसील - आसीन्द, जिला - भीलवाड़ा (राजस्थान), पिन - 311301

# पंचपद्रा कार्यक्रम को पंचायत समिति कोटड़ी में वर्चुअल प्रसारण देखा



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा स्थित देश की अत्याधुनिक रिफाइनरी सहित 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किए जाने के ऐतिहासिक अवसर पर पंचायत समिति कोटड़ी के वीसी रूम में कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना तथा प्रदेश के विकास के लिए परियोजनाओं को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में तहसीलदार श्री लाल मीणा, विकास अधिकारी लोकेश टाक , उपखण्ड के निजी सहायक आर पी मीणा, थाना प्रभारी महावीर मीणा, सीबीईओ से ब्लॉक कोर्डिनेटर शान्ति लाल पोखरना, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व सरपंच जमनालाल डीडवानिया, मन की बात मंडल संयोजक अनिल तिवाड़ी, धर्मचंद जीनगर, जीनू डागा, नारायण सिंह राठौड़, राघव आचार्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हो कर कहा कि पचपदरा रिफाइनरी सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं से राजस्थान में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लाभार्थी, नव नियुक्त कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# भीमनगर ढिकोला में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## अवैध खनन रोकने गए लोगों पर जेसीबी से हमला, बजरी माफिया की धमकियों से दहशत

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-ग्राम पंचायत ढिकोला के भीमनगर गांव में राज्य सरकार द्वारा गायों व मवेशियों के लिए आरक्षित चारागाह भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपखंड अधिकारी शाहपुरा के समक्ष पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### क्या है मामला:

भीमनगर की चारागाह भूमि पर पिछले कुछ समय से कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। यहीं से अवैध खनन कर सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी चुराकर बेची जा चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश की जा रही है।

### जेसीबी से हमला, थाने में रिपोर्ट

ग्रामीणों ने बताया कि जब वे अवैध खनन रोकने गए तो उन पर जेसीबी से हमला किया गया। इसकी रिपोर्ट शाहपुरा थाने में दी गई थी, लेकिन



अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### धमकियों का आरोप:

ज्ञापन में बताया गया कि बजरी माफिया द्वारा फोन पर ग्रामवासियों को धमकियां दी जा रही हैं। इसकी भी शिकायत की गई है। चारागाह में गांव के सभी मवेशी चरते व बैठते हैं। अतिक्रमण से पशुओं के सामने चारे का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामवासियों ने पुलिस प्रशासन के जरिए तत्काल अतिक्रमण हटाने व अवैध खनन रोकने की मांग की है। देवीलाल मीणा, महादेव जाट, सुरेश जाट, जीता मीणा, मुकेश वैष्णव, बंशीलाल मीणा, दिनेश प्रजापत, कालू मीणा, नंद मीणा, रेखा देवी मीणा, सुरता मीणा, सीता वैष्णव, इंदिरा मीणा, सीमा प्रजापत, शांति प्रजापत, दुर्गा बेरवा, कलोल बेरवा, बदाम देवी, भील बेरवा, शांति मीणा सहित सैकड़ों महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

# अमरगढ़ में हजरत सैयद फैज अली सरकार का 58वां उर्स शुरू, शनिवार को अकीदत के साथ पेश की गई झंडे की रस्म

स्मार्ट हलचल

कस्बे में स्थित हजरत सैयद फैज अली सरकार रहमतुल्ला अलेह का 58वां सालाना उर्स शनिवार को झंडे की रस्म के साथ अकीदत और एहतराम से शुरू हो गया है। उर्स के आगाज को लेकर दरगाह परिसर में सुबह से ही रूहानी रौनक नजर आई और जायरीनों की आवक शुरू हो गई।

शनिवार को आयोजित झंडे की रस्म के दौरान रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदस्यों ने काछोला के पेश इमाम शाह आलम व कमेटी के सदर सतार बिसायती,काछोला दरगाह कमेटी के सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी तथा हाजी साबिर रंगरेज के सानिध्य में दरगाह शरीफ पर अकीदत का झंडा पेश किया। दोपहर बाद दरगाह परिसर में कुरान ख्वानी हुई व रात को मिलाद शरीफ का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें नात-ए-पाक की तिलावत



की गई।

### रविवार को निकलेगा चादर शरीफ का जुलूस

नायब सदर फैज मोहम्मद बागवान ने बताया कि रविवार दोपहर बाद चादर शरीफ का मुख्य जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस सदर सतार बिसायती के मकान से शुरू होकर कस्बे के मुख्य बाजारों से गश्त करता हुआ शाम को दरगाह पहुंचेगा, जहां मजार शरीफ पर पारंपरिक रूप से मखमली चादर पेश की जाएगी। रविवार रात 9 बजे से महफिल-ए-कव्वाली का शानदार प्रोग्राम होगा, जिसमें सरवाड़ के मशहूर इंटरनेशनल कव्वाल नौशाद शोला व कव्वाल अनवर भाई बेगूं सूफियाना कलाम पेश करेंगे। इससे पूर्व जूनियाँ दरगाह के सज्जादानशीन हजरत सूफी डॉ. अब्दुल लतीफ शाह (अन्ना मिया ) भी शिरकत करेंगे।

### काछोला से पैदल यात्रियों का जत्था होगा शामिल

उर्स के मुबारक मौके पर काछोला से अकीदतमंदों और जायरीनों का एक विशाल पैदल जत्था अमरगढ़ के लिए रवाना होगा। यह जत्था पैदल सफर तय कर अमरगढ़ पहुंचेगा और चादर शरीफ के मुख्य जुलूस में बाकायदा शरीक होकर दरगाह में सामूहिक चादर पेश करेगा।

झंडे की रस्म में पीर मोहम्मद,सूफी कय्यूम,सिराजुद्दीन, अब्दुल कलाम,सलीम भिश्ती,महबूब अली, इमरान खान, फिरोज खान,मोहम्मद सादिक,सहित कमेटी के तमाम सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय अकीदतमंद मौजूद रहे।

# पचपदरा से पीएम मोदी का ऐतिहासिक लाइव उद्बोधन: भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना संदेश

## प्रदेश को मिली 1.05 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात; देश की पहली ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी, जयपुर मेट्रो फेज-2 सहित आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

स्मार्ट हलचल| मांडलगढ़

मांडलगढ़ पंचायत समिति सभागार में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पचपदरा से प्रसारित प्रेरणादायी और ऐतिहासिक लाइव उद्बोधन को सुनने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध जनप्रतिनिधियों का सैलाब उमड़ पड़ा। मांडलगढ़ विधायक श्री गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को बेहद ध्यानपूर्वक श्रवण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के स्वर्णिम विकास को नई गति देते हुए राज्य को लगभग 1.05 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं की अभूतपूर्व सौगात दी। इसके तहत अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण किया गया।

### औद्योगिक और आधुनिक अधोसंरचना को मिलेगी नई उड़ान:

प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इन महा-परियोजनाओं में भारत की प्रथम ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, जयपुर मेट्रो फेज-2 सहित सड़क,



रेल, ऊर्जा, विमानन एवं अन्य आधुनिक आधारभूत संरचना से जुड़ी देशव्यापी परियोजनाएँ शामिल हैं। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का 'विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान' का संकल्प प्रत्येक नागरिक के जीवन को अधिक समृद्ध, सुगम और सशक्त बनाने की दिशा में एक युगांतरकारी कदम है। यह परियोजनाएं राजस्थान में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के नए द्वार खोलेंगी। उन्होंने सभी से इस राष्ट्र निर्माण के महा-अभियान में सहभागी बनकर विकास की इस यात्रा को और अधिक गति प्रदान करने का आह्वान किया।

### सभागार में उमड़ा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व व जनप्रतिनिधि:

ऐतिहासिक लाइव प्रसारण के दौरान मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम मे मांडलगढ़ मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर, निवर्तमान चेयरमैन संजय कुमार डांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन कुमार ब्रह्मभट्ट, जमना लाल सेन, पूर्व मंडी चेयरमैन रतन लाल खटीक, लादू लाल खटीक, महामंत्री नीलकमल पटवा,मनोज सनाढ्य, घनश्याम सोलंकी, मनोज आंचलिया, मूलचन्द रेबारी, राकेश आर्य, गोविन्द सोनी, महावीर सेन, बहादुर सिंह तथा राम लाल मीणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ता और क्षेत्र के आम नागरिक उपस्थित रहे।

# चातुर्मास की तैयारियों को लेकर गुरु रविन्द्र मुनि से मिला कोटड़ी का प्रतिनिधिमंडल

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** प्रखर वक्ता पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि मसा के आगामी कोटड़ी चातुर्मास को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। चातुर्मास की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कोटड़ी का प्रतिनिधिमंडल भीलवाड़ा के बसंत विहार पहुंचा, जहां प्रतिनिधियों ने युवाचार्य श्री महेन्द्र ऋषि जी मसा एवं कोटड़ी में चातुर्मास करने वाले गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि मसा के दर्शन एवं वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान आगामी 27 जुलाई को होने वाले गुरुदेव के भव्य मंगल प्रवेश, चातुर्मास की व्यवस्थाओं तथा चार माह तक आयोजित होने वाले धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में श्रद्धालुओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने, व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने तथा कार्यक्रमों को भव्य एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष चर्चा हुई।प्रतिनिधिमंडल ने गुरुदेव को कोटड़ी में चातुर्मास के प्रति श्रद्धालुओं में व्याप्त उत्साह एवं तैयारियों की जानकारी दी। वहीं गुरुदेव ने धर्म आराधना, संयम, स्वाध्याय और सेवा भावना के साथ चातुर्मास को सफल बनाने का संदेश देते हुए आयोजन को आध्यात्मिक दृष्टि से प्रेरणादायी बनाने पर बल दिया।

# परिवहन व्यवसाय की समस्याओं को लेकर मुखर हुआ भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सरकार को भेजा ज्ञापन

## वीएलटीडी-जीपीएस की अनिवार्यता, भारी जुर्माने और बढ़ते करों पर जताई नाराजगी, सात दिन में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** परिवहन व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने राज्य सरकार के समक्ष अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भेजकर परिवहन व्यवसाय को प्रभावित कर रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में सरकार को आर-पार की लड़ाई की चेतावनी देते हुए मांगे पूरी करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो सभी ट्रांसपोर्ट बंद जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में ट्रांसपोर्ट कारोबार पर लगातार बढ़ रहे टैक्स, नए नियमों, ई-चालान और अन्य प्रशासनिक प्रावधानों के विरोध में शनिवार को ट्रांसपोर्ट मार्केट बंद रहा। बंद को लेकर भीलवाड़ा में करीब 400 छोटे और बड़े दुकाने और ऑफिस बंद रहे। वहीं बंद के दौरान 3 करोड़ से ज्यादा का व्यापार प्रभावित होने का अनुमान है। ट्रांसपोर्ट नगर में दिनभर लोडिंग-अनलोडिंग, माल की डिलीवरी और परिवहन से जुड़े सभी व्यावसायिक कार्य बंद रहे। ट्रांसपोर्ट मार्केट से ट्रांसपोर्टर ने शहर के मुख्य बाजारों में होते हुए रैली निकली। अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर चक्का जाम और आंदोलन तेज किया जाएगा।



इस दौरान भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, भीलवाड़ा थोक ट्रांसपोर्ट समिति और भीलवाड़ा थोक ट्रांसपोर्ट वेलफेयर समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

### नए नियम और टैक्स से ट्रांसपोर्टर परेशान

भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष विश्वबंधु सिंह राठौड़ ने बताया की ट्रांसपोर्ट कारोबार पर लगातार नए नियम, बढ़ते टैक्स, भारी जुर्माना और अतिरिक्त वित्तीय बोझ से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक जैसे पर्यावरण अनुकूल वाहनों पर भी ग्रीन टैक्स वसूलने का विरोध किया जा रहा है। साथ ही ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में भी मनमाने ढंग से ई-चालान जारी किए जा रहे हैं। जिसके कारण परिवहन व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि परिवहन क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान परि-स्थतियों में यह व्यवसाय लगातार कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा है। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि व्यावसायिक वाहनों से संबंधित नियमों को सरल, व्यावहारिक और व्यवसाय हितैषी बनाया जाए।

### समाधान नहीं होने पर चक्का जाम की चेतावनी

राठौड़ ने बताया की प्रदेश के कई फिटनेस सेंटर बंद होने या उनकी कार्यप्रणाली प्रभावित रहने से वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र समय पर नहीं बन पा रहे हैं। जिससे वाहन खड़े रहने और आर्थिक नुकसान की स्थिति बन रही है। संगठनों ने परमिट, फिटनेस, टैक्स, ई-चालान, बढ़ते जुर्माने और व्यावसायिक वाहनों में जीपीएस अनिवार्यता को भी प्रमुख समस्याएं बताते हुए जीपीएस व्यव-स्था को समाप्त करने या स्वैच्छिक करने की मांग दोहराई। बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर इकट्ठा हुए विरोध प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि अगर समाधान नहीं हुआ तो चक्का जाम किया जाएगा।

# 4700 करोड़ दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी का आरोप

## नरहड़ के ध्यान केंद्र का नाम आया सामने

स्मार्ट हलचल | झुंझुनूं

हरियाणा के नारनौल में दर्ज एक कथित हाई-प्रोफाइल ठगी मामले में राजस्थान के झुंझुनूं जिले के नरहड़ स्थित एक ध्यान केंद्र का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मामले में झुंझुनूं के केयर ऑफ कॉस्मिक धाम ध्यान केंद्र के प्रबंधक समेत सात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता भिवानी निवासी एक कपड़ा व्यापारी ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने विशेष हवन और धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से 4,700 करोड़ रुपये दिलाने का दावा कर उसका विश्वास जीता और विभिन्न बहानों से उससे करोड़ों रुपये की रकम, सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी ले ली।

### फर्जी दस्तावेज दिखाकर विश्वास जीतने का आरोप

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने स्वयं को प्रभावशाली एवं आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न बताते हुए कथित रूप से गृह मंत्रालय के प्रशस्ति पत्र, जेड सुरक्षा से जुड़े फर्जी दस्तावेज तथा वीडियो दिखाए। इन दावों के आधार पर व्यापारी को विशेष अनुष्ठान कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### विदेश से हवन सामग्री मंगाने के नाम पर वसूली

शिकायतकर्ता का आरोप है कि विदेश से विशेष हवन सामग्री मंगाने और धार्मिक अनुष्ठानों के नाम पर उससे करीब 5 करोड़ रुपये खर्च कराए गए। इसके अलावा सोने-चांदी के आभूषण और नकदी भी अलग-अलग कारण बताकर ले ली गई।

### हिप्नोटाइज करने और धमकी देने का भी आरोप

एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने कथित रूप से शिकायतकर्ता को हिप्नोटाइज कर दोबारा हवन कराने के नाम पर 27 लाख रुपये और ले लिए। विरोध करने पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए गए हैं।

### सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने शिकायत के आधार पर सोनू सहित सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस संगठित ठगी के एंगल से भी मामले की पड़ताल कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या अन्य लोगों को भी इसी प्रकार कथित रूप से ठगी का शिकार बनाया गया है।

# साईबर फ्रोड व ऑनलाईन गेमिंग से करोडों रुपए की धोखाधड़ी करने वाली एक गैंग के एक सदस्य धराया

स्मार्ट हलचल| पावटा

पुलिस थाना प्रागपुरा एवं जिला साईबर सैल ने साईबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए साईबर फ्रोड़ व ऑनलाईन गेमिंग से करोड़ों रुपये की धोखाधडी करने वाली गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार करते हुए साईबर फोड़ व ऑनलाईन गेमिंग के प्रयोग में लिए जाने वाले सामान को जब्त कर गिरोह पर कडा प्रहार किया । गौरतलतब है कि साईबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस मुख्यालय जयपुर राज-स्थान द्वारा चलाये जा रहे अभियान के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक जयपुर रेन्ज के आदेशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड़ सतवीर सिंह द्वारा साईबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु टीम का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम खान, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में साईबर फ्रोड व ऑनलाईन गेमिंग । खिलाप कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया । शुक्रवार को प्रागपुरा थानाधिकारी प्रागपुरा भजनाराम को ग्राम चांदोली में लक्ष्मण मीणा पुत्र छीतरमल के मकान के पास मन्दिर में तिबारानुमा कमरे में अैवध गतिविधियों की सूचना मिलने पर मय गठित टीम के दबिश दी गई । और मुलजिम लक्ष्मण ई पुत्र छीतरमल जाति मीणा उम्र 20 साल निवासी चांदोली के कब्जे से एक लेफ्टॉप मय एक चार्जर , 15 मोबाईल फोन , 2 मोबाईल चार्जर, 4 सिम अलग से, एक एयर फिबर वाईफाई मय सैटअप बॉक्स मय डाटा केबल जब्त कर मुल्जिम लक्ष्मण मीणा को गिरफ्तार किया।

# एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला का स्वागत किया

स्मार्ट हलचल| अनिल कुमार

**ब्यावर/बिजयनगर।** एनएसयूआई ब्यावर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला के बिजयनगर आगमन पर विभिन्न संगठनों और समाज के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र हितों, संगठन की मजबूती और युवा भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चाएं हुईं।

### कांग्रेस अध्यक्ष तातेड़ के नेतृत्व में उमड़े कार्यकर्ता

बिजयनगर कांग्रेस अध्यक्ष अंकित तातेड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सांखला का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमालाएं



पहनाकर और साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर आयोजित बैठक में संगठन को धरातल पर मजबूत बनाने और युवाओं की स्थानीय समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाः 'एनएसयूआई हमेशा से छात्र हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। आगामी समय में युवाओं की आवाज को और अधिक मजबूती से उठाया जाएगा और उनके हक की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। ' इस दौरान प्रवीण सिखवाल, अमित जोशी, जितेंद्र बेरवा, अनीस अंसारी एवं नवीन सोनी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके पश्चात, गुरु पन्ना टावर स्थित माली समाज कार्यालय पर एक विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यहाँ माली समाज के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने सांखला का साफा पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में समाजहित, सामाजिक कार्यों में युवाओं की भागीदारी और सांगठनिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर दौलत गहलोत, मुकेश माली, अभिषेक सैनी, राहुल सैनी, नरेंद्र माली, जीतू सैनी, हितेश, जितेंद्र, शोभित, दीपक माली, संजय महावर एवं लक्ष्मण माली सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भाजपा चंदेरिया मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित, गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने सौंपी जिम्मेदारियां

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

भारतीय जनता पार्टी के चंदेरिया मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी तथा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के निर्देशानुसार मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है।

मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि नई कार्यकारिणी में संगठन को मजबूत बनाने और बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

संरक्षक पद पर रोहिताश्व जाट, संजय सुवालका, गोपाल सिंह राजोरा, नीरू देवी अहिर एवं गिरधारी सिंह राजपुरोहित को मनोनीत किया गया है।

उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश सुवालका, घनश्याम मेनारिया, राधेश्याम कुम्हार, रामसिंह राठौड़, भगवानलाल भोई, मुकेश काबरा, शांतिलाल शर्मा, मिट्ठूलाल जायसवाल, अतुल भटनागर, हंसराज सुवालका, मनोज सुवालका एवं पुरण कीर को जिम्मेदारी दी गई है।

महामंत्री के रूप में पुरण सिंह राणा, बालकिशन भोई एवं कैलाश अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। वहीं मंत्री पद पर किशन शर्मा, सीताराम माली, दिनेश गवारिया, रतन भोई, देवीलाल सालवी, मृदुल जोशी, राकेश पोरवाल, मनोज चौधरी, शिमला मीणा, पूरण रेगर तथा महेंद्र सिंह सुरजनिया को मनोनीत किया गया है।

इसके अलावा कोषाध्यक्ष सतीश सोमानी, सह कोषाध्यक्ष सुधीर दशोरा, मीडिया प्रमुख अरमान खान, सह मीडिया प्रमुख दिनेश बंजारा, आईटी प्रमुख पवन वैष्णव, सह आईटी प्रमुख विक्रम बंजारा, 'मन की बात' प्रभारी बलवंत सिंह बाबेल, सह प्रभारी राजू नायक, कार्यालय प्रभारी दिलीप सिंह चौहान, सह प्रभारी हरिप्रसाद पचिसिया, प्रवक्ता विक्रम गवारिया तथा सह प्रवक्ता गोविंद सिंह लाखणोत को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# इन्द्रगढ़ में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का बड़ी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण



स्मार्ट हलचल

**लाखेरी।** नरेंद्र मोदी के राज-स्थान के जोधपुर एवं पचपदरा में आयोजित कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण शुक्रवार को नगर पालिका इन्द्रगढ़ द्वारा अंबेडकर भवन में बड़ी स्क्रीन पर किया गया।

प्रातः 10 बजे शुरू हुए इस प्रसारण में सर्वप्रथम जोधपुर एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद पचपदरा में रिफाइनरी सहित कई विकास योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी स्क्रीन पर प्रसारण देखने के लिए सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी बृज भूषण शर्मा, भाजपा मंडल प्रभारी मुकेश जिंदल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरिराज जैन सहित शहर के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, नगरवासी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।नगर पालिका प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया।

# ग्रामीण एसपी के निर्देश पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, श्री शेषधर नाथ जी मंदिर की 80 बीघा भूमि से हटाया अवैध कब्जा

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** रामपुरा फतेहगढ़ी स्थित श्री शेषधर नाथ जी मंदिर की ग्राम बन्धा में स्थित 80 बीघा कृषि भूमि से कोटा ग्रामीण पुलिस ने अवैध कब्जा हटवाकर मंदिर प्रशासन को कब्जा दिलाया है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर के निर्देश पर देवली मांझी थानाधिकारी सुनील कुमार पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे।



पुलिस के अनुसार भूमाफिया रघुराम मेहता ने साथियों के साथ मिलकर मंदिर की भूमि पर जबरन कब्जा कर धान की बुवाई कर दी थी।

मंदिर के पुजारी महंत 108 देवेंद्र दास ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया और लगभग 80 बीघा भूमि वापस मंदिर प्रशासन को सौंप दी।

**महंत बोले - पुलिस ने दिलाया न्याय**

महंत देवेंद्र दास ने कहा 'भूमि मंदिर की है और यह धार्मिक न्यास की संपत्ति है। पुलिस ने हमारी सुनवाई कर जल्दी न्याय दिलाया। हम पुलिस प्रशासन के आभारी हैं।' उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और भविष्य में मंदिर भूमि की सुरक्षा के लिए स्थायी इंतजाम की मांग भी की।

**पुलिस का बयान**

थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। भूमि से कब्जा हटाकर पुजारी महंत को सुपुर्द कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

# हरिपुरा विद्यालय में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



स्मार्ट हलचल|बेगूं

ग्राम पंचायत गोपालपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हरिपुरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपाल लाल धाकड़, भेरूलाल धाकड़, शंभू लाल विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश धाकड़, शिक्षिका मानती मीणा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डाली बाई, लीला बाई धाकड़, विद्यालय परिवार एवं हरिपुरा के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़कर हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए।

# 6 जुलाई से किसानों का संयुक्त अनिश्चितकालीन धरना, अफीम व अन्य कृषि समस्याओं को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

भारतीय अफीम किसान विकास समिति (राजस्थान एवं मध्य प्रदेश) तथा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत), चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 6 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे से शांतिपूर्ण संयुक्त अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। धरने के दौरान प्रशासन के माध्यम से सरकार को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। संगठन ने जिले के अफीम किसानों एवं अन्य किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## प्रमुख मांगें

आबकारी विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का विरोधः संगठन का कहना है कि वैधानिक रूप से अफीम की खेती करने वाले किसानों को लाइसेंस निरस्तीकरण और एनडीपीएस मामलों की चेतावनी देना उचित नहीं है। किसानों के हितों की रक्षा की जाए।

डोडा चूरा नीति बहाल करने की मांगः किसानों ने पूर्व की भांति डोडा चूरा खरीद व्यवस्था या ठेका प्रणाली पुनः शुरू करने की मांग की है। यदि सरकार डोडा चूरा खरीदे तो उसका समर्थन मूल्य 1000 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया जाए तथा किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। अफीम का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांगः अफीम उत्पादन की बढ़ती लागत को देखते हुए किसानों ने अफीम का मूल्य 10,000 प्रति किलोग्राम निर्धारित करने की मांग रखी है।

लंबित लाइसेंस जारी किए जाएंः वर्ष 1998-99 से लंबित अफीम लाइसेंस जारी किए जाएं तथा किसानों का रिकॉर्ड वर्ष 1980 से ऑनलाइन किया जाए। साथ ही पात्र किसानों को 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के मानदंड के अनुसार लाइसेंस प्रदान किए जाएं।

नए अफीम लाइसेंस जारी होंः संगठन का कहना है कि औषधीय उपयोग के लिए अफीम आधारित दवाओं की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए नए लाइसेंस जारी किए जाएं, जिससे देश आत्मनिर्भर बन सके। एमएसपी में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धिः किसानों ने सभी कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्स्क) में हर वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि करने की मांग की है। नदी जोड़ो योजना लागू होः इंदिरा गांधी सागर (नर्मदा) परियोजना से नहर लाकर प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ सहित राज-स्थान के अन्य जिलों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई है। संगठन ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा।

# एससी विभाग बूथ स्तर पर करेगा संगठन मजबूत, चुनावों की तैयारी शुरू

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी) विभाग ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति बनाई है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामेश्वर बैरवा के नेतृत्व में जिलेभर के गांवों में बूथ स्तरीय बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

रामेश्वर बैरवा ने बताया कि आगामी पंचायत चुनावों में वार्ड पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद तथा नगर निकाय चुनावों को देखते हुए प्रत्येक बूथ पर विशेष फोकस किया जाएगा। बूथ स्तर पर टीमों का गठन कर संगठन को मजबूत किया जाएगा तथा कांग्रेस के पक्ष में अधिकतम जनसमर्थन जुटाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एससी विभाग बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति भी करेगा, जो अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय बनाएंगे और कांग्रेस को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे।

बैठकों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने, पार्टी की नीतियों से अवगत कराने तथा संगठन का विस्तार करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही आगामी दिनों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के सहयोग से जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने की भी तैयारी की जा रही है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि मजबूत बूथ संगठन के माध्यम से कांग्रेस आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# उदलियास में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित, आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोटड़ी की मंडल कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक उदलियास पंचायत मुख्यालय स्थित बाग का बालाजी मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल पालक लादू लाल जाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों से संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है और सभी को आगामी कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना



चाहिए। मुख्य अतिथि एवं मंडल पालक लादू लाल जाट ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल लर्निंग अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यम संगठन को मजबूत बनाने का प्रभावी साधन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक उपयोग करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सेवा गतिविधियों एवं विभिन्न अभियानों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर खुलकर विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं। कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखते हुए संगठन को गांव-गांव एवं बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय बनाने पर बल दिया।बैठक में मंडल महामंत्री राघव आचार्य, महामंत्री शिवराज जाट, मंडल उपाध्यक्ष नंद भंवर कंवर, रामेश्वर जाट, सुदर्शन पाल डागा, मंडल मंत्री नारायण सिंह, रामलाल जाट, कल्याण गाडरी, राकेश क्षोत्रिय, कोषाध्यक्ष देऊ देवी गाडरी सहित मंडल के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मेहरूखुर्द में अवैध शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं का उग्र प्रदर्शन, धरने की चेतावनी

## 'शटर बंद, पीछे से शराब बिक्री'—मेहरूखुर्द में महिलाओं ने खोला मोर्चा, प्रशासन को दी चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** सावर उपखंड के मेहरूखुर्द गांव में संचालित अवैध शराब दुकान के विरोध में शनिवार को सैकड़ों महिलाओं ने दुकान के बाहर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि पांच दिन पूर्व आमली कैंप में सावर उपखंड अधिकारी भगवती वैष्णव को ज्ञापन सौंपकर दुकान बंद कराने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि दुकान का मुख्य शटर बंद रखा जाता है, जबकि पीछे की चोर खिड़की बनाकर शराब की बिक्री लगातार की जा रही है। उन्होंने प्रशासन पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अवैध शराब दुकान को पूरी तरह बंद नहीं कराया गया तो वे सावर उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगी।

वहीं महिलाओं द्वारा यह भी बताया गया है कि अवैध शराब दुकान में शराब बेच रहा विशाल कलाल द्वारा उनको अमर्दायित भाषा शैली में बात की और देख लेने कि धमकी भी दी गई।



ग्रामीणों द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया था कि मेहरूखुर्द में लंबे समय से संचालित अवैध शराब ब्रांच के कारण गांव का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि यहां दिन-रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं, छात्राओं, राहगीरों और आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार नशे की हालत में गाली-गलौज, मारपीट और अन्य असामाजिक गतिविधियां भी होती रहती हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि समूह संख्या 283 के अंतर्गत आमली एवं गोरधा ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए केवल एक वैध शराब दुकान स्वीकृत है। इसके बावजूद मेहरूखुर्द में कथित रूप से अवैध शराब ब्रांच संचालित होना आबकारी नियमों के विपरीत है। ग्रामीणों ने इसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि शराब बिक्री का यह स्थान चार रास्तों के संगम के पास स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। नशे में धुत लोगों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। साथ ही मेहरूखुर्द, किशनपुरा और माधोपुरा सहित आसपास के गांवों के छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से मेहरूकलां स्थित विद्यालयों और महाविद्यालयों में आते-जाते हैं, जिससे अभिभावकों और महिलाओं में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

ज्ञापन में महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि कथित अवैध शराब बिक्री के कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं। हाल ही में इसी स्थान पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कानून-व्यवस्था की स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग दोहराई है।

# कालिका यूनिट ने राजकॉप सिटीजन ऐप' डाउनलोड कर दी जानकारी

स्मार्ट हलचल|बूंदी

राजस्थान पुलिस कालिका यूनिट से महिला हेड कांस्टेबल ज्ञानेश गौतम और महिला कांस्टेबल रेखा चौधरीने 'राजकॉप सिटीजन ऐप' डाउनलोड कर रोडवेज बस स्टॉप के पास खड़े ऑटो चालकों और छात्राओं को इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।

राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा अभियानों, बाल विवाह रोकथाम और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया:

राजकॉप सिटीजन ऐप: आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता के लिए ऐप के फीचर्स की जानकारी दी।साइबर हेल्पलाइन (1930): साइबर ठगी से बचने के उपाय साझा किए और बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

आपातकालीन हेल्पलाइन (112): किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पाने का तरीका बताया।

गरिमा व चाइल्ड हेल्पलाइन (1098): बाल विवाह रोकने और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी। लोगो को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

# महवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सड़क पर स्टंटबाजी कर रहे 5 युवक गिरफ्तार, दो थार और एक बाइक जब्त

**टीकरी जाफरान रोड पर चला विशेष अभियान, पुलिस की सख्त चेतावनी—'स्टंट करने वालों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा**

स्मार्ट हलचल

**महवा (दौसा)।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर दौसा पुलिस लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी कड़ी में महवा थाना पुलिस ने सार्वजनिक सड़कों पर जानलेवा स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो ब्लैक थार एसयूवी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में स्टंटबाजी करने वाले युवाओं में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जयपुर रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक दौसा के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक सड़कों पर तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाने और खतरनाक स्टंट करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी महवा और थाना प्रभारी महवा की निगरानी में गठित पुलिस टीम ने 3 जुलाई को टीकरी जाफरान रोड पर सूचना के आधार पर दबिश दी। यहां कुछ युवक दो थार और एक मोटरसाइकिल से खतरनाक स्टंट कर रहे थे, जिससे आम राहगीरों की जान जोखिम में पड़ रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को घेर लिया और पांच युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दोनों थार एवं मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक सड़कों पर इस प्रकार की स्टंटबाजी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे निर्दोष राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। ऐसे मामलों में भविष्य में भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

गिरफ्तार किए गए युवकों में भरतपुर एवं दौसा जिले के निवासी शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी से पूछताछ की जा रही है कि वे पहले भी इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहे हैं या नहीं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने और वायरल करने के उद्देश्य से तो स्टंटबाजी नहीं की जा रही थी।

दौसा पुलिस ने आमजन एवं युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि रोमांच या सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करना गंभीर अपराध है। ऐसे कृत्यों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में भी ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 16 जुआरी गिरफ्तार, 3.57 लाख, 15 मोबाइल और 13 वाहन जब्त

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर सिटी पुलिस ने शनिवार को अवैध जुआ और सट्टा कारोबारियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने चम्पानगर इलाके में मुखबिर की सटीक सूचना पर एक मकान में चल रहे बड़े जुए के अड्डे पर दबिश देकर 16 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मौके से साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक की नकदी, मोबाइल और बिना दस्तावेजों के खड़ी 13 गाड़ियाँ जब्त की गई हैं।

### मस्जिद के सामने गली में चल रहा था दांव

पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि चम्पानगर में मस्जिद के सामने वाली गली में ऋषिपालसिंह उर्फ चिन्नू (40) के मकान के अंदर बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। थानाधिकारी आशुतोष पाण्डे और ब्यावर सदर थानाधिकारी गजराज सिंह की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मकान की घेराबंदी की और दबिश दी। अंदर कुल 16 लोग ताश के पत्तों पर लाखों रुपयों का दांव लगाते हुए पाए गए, जिन्हें मौके पर ही दबोच लिया गया।

### जब्त की गई संपत्ति का विवरण



पुलिस ने जुए के फड़ और आरोपियों के कब्जे से निम्नलिखित सामग्रियां बरामद की हैं: नकदी: कुल 3,57,500 (तीन लाख सत्तावन हजार पांच सौ रुपये)। मोबाइल: विभिन्न कंपनियों के 15 स्मार्टफोन (जिनका उपयोग सट्टे और संपर्क के लिए हो रहा था)। वाहन: मौके से 13 दोपहिया वाहन (मोटरसाइकिल और स्कूटी) जब्त किए गए। वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर इन्हें धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है। अन्य: ताश के पत्तों की 3 जोड़ियां।

### शहर के नामचीन चेहरों सहित ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपी ब्यावर शहर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम और बीएनएसएस की धारा 126 व 170 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य रूप से मकान मालिक ऋषिपाल सिंह उर्फ चिन्नू, नजमुदीन, जयसिंह, भवानीसिंह, अशोक, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद हुसैन, वसीम मोहम्मद, भावेष कुमार, राजेन्द्र माली, शौकत अली, शिवप्रताप, हितेश, प्रसन्न जैन, दिलीप और अल्ताफ हुसैन शामिल हैं।

### कार्रवाई करने वाली जांबाज टीम

इस पूरी बड़ी कार्रवाई को सफलता तक पहुंचाने में सिटी थानाधिकारी आशुतोष पाण्डे, सदर थानाधिकारी गजराज सिंह, सउनि हरनिवास, कांस्टेबल दिनेश डांगा, सत्यप्रकाश, अशोक और लक्ष्मण की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि ब्यावर में चल रहे अन्य सट्टा नेटवर्क का भी पर्दाफाश किया जा सके।

# शिकायत के 24 घंटे के भीतर नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना ने वार्ड 52 का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी।** वार्ड नंबर 52 के निवासियों द्वारा शहरी सेवा शिविर-2026 में निवर्तमान पार्षद श्रीमती सीता शर्मा एवं उनके पति वेद प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में वार्ड की विभिन्न समस्याओं को लेकर दिए गए ज्ञापन पर नगर परिषद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को वार्ड का मौका निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि 3 जुलाई को आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 के दौरान वार्डवासियों ने आयुक्त नगर परिषद को ज्ञापन सौंपकर सड़क, नाली, जल निकासी एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की थी। उस समय आयुक्त ने 4 जुलाई को वार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

अपने आश्वासन के अनुरूप शनिवार को नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना ने सफाई निरीक्षक पिंटू राम मीणा, कनिष्ठ अभियंता रीना मीणा, कार्यालय सहायक मनमोहन दुबे, सफाई इंचार्ज कमलेश, जमादार बबलू एवं नगर परिषद के दस्ते के साथ करीब दो घंटे तक वार्ड नंबर 52 का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं का अवलोकन कर उनके समाधान की कार्ययोजना पर चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नाले के बहाव क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाने, नाला सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को सुचारू करने सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सफाई निरीक्षक पिंटू राम मीणा को तीन दिन में कार्ययोजना तैयार कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान निवर्तमान पार्षद के पति वेद प्रकाश शर्मा एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी भी अधिकारियों के साथ मौजूद रहे और उन्होंने मौके पर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।


आयुक्त ने नगर परिषद के उपलब्ध संसाधनों से तत्काल हल होने वाले कार्यों को बिना विलंब पूरा करने के निर्देश मौके पर ही दिए। वहीं सड़क एवं नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए शीघ्र बजट आवंटित होने पर प्राथमिकता से कार्य कराने का आश्वासन भी दिया।

# अमेरिका में भारतीयों का बढ़ता प्रभाव: एमएलसी के मैदान पर दिखी गौरव भार्गव की मौजूदगी

स्मार्ट हलचल

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका में क्रिकेट अब केवल प्रवासी भारतीयों का खेल नहीं रह गया है, बल्कि मुख्यधारा के खेलों में अपनी मजबूत पहचान बनाने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसका ताजा उदाहरण मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) सीजन-4 के दौरान लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स और टेक्सास सुपर किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में देखने को मिला, जहां भारतीय मूल के उद्योगपति एवं ड्ड्ढ4ह्वद्यश्द्द्ध के संस्थापक गौरव भार्गव विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मैच के दौरान लॉस एंजिलिस सिटी काउंसिल सदस्य और मेयर पद की उम्मीदवार नित्या रमन की मौजूदगी ने आयोजन को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया।

गौरव भार्गव, जो लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के प्रमुख प्रायोजकों में शामिल हैं, मैच शुरू होने से पहले मैदान पर दोनों टीमों के कप्तानों के साथ नजर आए। उन्होंने लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के कप्तान जेसन होल्डर तथा टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ मुलाकात की और खिलाड़ियों



का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ली गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनीं।

मैच में लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुकाबले के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि अमेरिका में क्रिकेट के प्रति लोगों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, श्रीलंकाई और कैरेबियाई समुदायों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अमेरिकी दर्शक भी स्टेडियम पहुंचे।


इस अवसर पर मेयर पद की उम्मीदवार नित्या रमन ने कहा कि क्रिकेट दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल है और अब लॉस एंजिलिस में भी इसकी मजबूत पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं बल्कि विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उनके अनुसार दक्षिणी कैलिफोर्निया में क्रिकेट का विस्तार भविष्य में सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को नई दिशा देगा।

नित्या रमन ने विशेष रूप से वर्ष 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सदी से अधिक समय बाद क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि ओलंपिक के बाद अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता कई गुना बढ़ेगी और बड़ी संख्या में नए दर्शक इस खेल से जुड़ेंगे। उन्होंने अमेरिकी खेल प्रेमियों से भी क्रिकेट को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि बेसबॉल और क्रिकेट में कई समानताएं हैं। यदि लोग इसके नियमों को समझ लें तो उन्हें यह खेल बेहद रोमांचक लगेगा। उनका मानना है कि आने वाले वर्षों में क्रिकेट अमेरिका के प्रमुख खेलों में अपनी मजबूत जगह बना सकता है।

भारतीय मूल के उद्यमी गौरव भार्गव की सक्रिय भागीदारी इस बात का संकेत है कि अमेरिका में भारतीय समुदाय केवल व्यापार और तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि खेलों के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स जैसे फ्रेंचाइजी के साथ उनका जुड़ाव अमेरिका में क्रिकेट के विस्तार को नई गति देने वाला माना जा रहा है।

एमएलसी के लगातार बढ़ते स्तर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी और स्थानीय दर्शकों के बढ़ते उत्साह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्रिकेट अब अमेरिका में स्थायी पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे आयोजनों में भारतीय समुदाय की सक्रिय भूमिका और गौरव भार्गव जैसे उद्यमियों का सहयोग भविष्य में अमेरिकी क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# वन विभाग की टीम के द्वारा घो (घोह) को किया रेस्क्यू



स्मार्ट हलचल

**वैर।** भरतपुर राजस्थान में कस्वा वैर में पुरोहित मोहल्ला में ही चंद्रशेखर शर्मा मकान में शशिकांत शर्मा पत्रकार रहने वाले मकान में दीवार पर दोपहर लगभग 2:30 बजे जंगला में होकर के कमरे में घोह (घो) पहुंची , जिसे शशिकांत शर्मा की पत्नी ने बड़ी हिम्मत के साथ पकड़े रखा फिर वह एक पटिया के नीचे निकल गई वन विभाग फॉरेस्टर प्रवीण कुमार को मिडिया के सूचित करने पर टीम भेजने पर उसे रेस्क्यू किया गया। जिसका उपस्थित प्रवीण कुमार वन विभाग फॉरेस्टर, एवं यादराम योगी, आसपास के व्यक्तियों ने बड़ी हिम्मत के साथ गूह ( घो) पकड़ी गई। कीर्ति शर्मा ने बताया कि उसे समय हम कमरे में टीवी देख रहे थे ।अचानक के मेरी निगाह पास कमरे के जंगले पर पड़ी । मैंने अपनी हिम्मत से उसे कमरे से बाहर निकाला फिर बाहर निकलने पर वह पटियों के नीचे चली गई । मैंने मेरे पति को सूचना दी। उन्होंने वन विभाग को सूचित करने पर टीम ने आकर पकड़ा घोह को रेस्क्यू किया गया। आसपास के व्यक्तियों ने बताया कि बहुत ही बड़ी और दांत बहुत बड़े बहुत ही मोटी थी। बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया। फॉरेस्टर वन विभाग द्वारा सूचना देने पर टीम तुरंत भेजी गई और समय पर उसे कैट्टे में पड़कर लें जाया गया ।

# स्व. ओमप्रकाश दाधीच की पुण्य स्मृति में रोटरी क्लब बून्दी ने किया 150 लीटर वाटर कूलर का लोकार्पण

स्मार्ट हलचल|बून्दी

रोटरी क्लब बून्दी द्वारा स्वर्गीय ओमप्रकाश दाधीच की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र तरुण दाधीच एवं मिनल दाधीच के सहयोग से भेंट किए गए 150 लीटर क्षमता के शीतल जल वाटर कूलर का लोकार्पण इंद्रा बाजार में शनिवार को गरिमामय समारोह में किया गया।आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन चंद्रप्रकाश सेठी की सुपुत्री मीनल दादीच एवं उनके पति तरुण दाधीच द्वारा अपने पूज्य पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश दाधीच की पुण्यस्मृति में रोटरी क्लब बूंदी को एक वॉटर कूलर भेंट किया गया। यह सेवा-समर्पण का कार्य स्वर्गीय ओमप्रकाश दाधीच के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि एवं समाजहित की प्रेरणादायी मिसाल है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव रहे, अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में असिस्टेंट गवर्नर हाशम भाई पूर्व एईएन (पीएचईडी) जगदीश दाधीच, बार काउंसिल बून्दी के अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ एवं सचिव पंकज दाधीच उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब बून्दी के अध्यक्ष रोटे. जितेन्द्र छाबड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक प्रान्तपाल रोटे. हाशम भाई, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटे. चन्द्रप्रकाश सेठी, कोषाध्यक्ष रोटे. राकेश सुवालका तथा पूर्व अध्यक्ष रोटे. ऋतुराज दाधीच सहित क्लब के सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर इन्दिरा मार्केट, एवं पुरानी धानमण्डी व्यापार संघ मौजी नुवाल अध्यक्ष सर्राफा संस्थान, बून्दी के प्रतिनिधियों ने भी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

व्यापार संत के विजय प्रकाश जैन सुशील कैसे विमल अग्रवाल नवीन जैन राजेंद्र सोनी महेश भेड़िया छोटू लाल जैन जगदीश कैसेट रवि शंकर मुंद्रा एवं भारत विकास परिषद के पुरुषोत्तम नवल कमल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम में किरण शर्मा, रजनी नुवाल सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।समारोह में रोटरी क्लब के सदस्य चन्द्रप्रकाश सेठी, , मोडूलाल वर्मा, चन्द्रभानु लाठी, राकेश सुवालका, विश्वनाथ, नरेश जिंदल, लक्ष्मीचंद गुप्ता . महेश बाहेड़िया सुरेश दाखेड़ा, के.सी. वर्मा, त्रिलोकचंद जैन, घनश्याम जोशी, लोकेश ठाकुर, ध्रुव व्यास, शैलेश चौबीस, मुकेश मीणा शिव जिंदल वह ओराक नायर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जनहित में शीतल पेयजल की यह सेवा समाज के लिए प्रेरणादायी है तथा स्व. ओमप्रकाश दाधीच की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने का यह एक सराहनीय प्रयास है। अंत में रोटरी क्लब की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# गौशाला से 150 मीटर दूर मिले एक दर्जन से अधिक गोवंशों के अवशेष, बवाल

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

धाता विकासखंड क्षेत्र स्थित बिछियावां अस्थायी गौशाला से करीब 150 मीटर दूर ससुर खदेरी नदी किनारे झाड़ियों में एक दर्जन से अधिक गोवंशों के अवशेष, खाल और शरीर के अंग मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामले को लेकर हिंदू सुरक्षा परिषद ने गौहत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह पशु चराने गए चरवाहों ने नदी किनारे झाड़ियों में बड़ी संख्या में गोवंशों के अवशेष पड़े देखे। इसकी सूचना हिंदू सुरक्षा परिषद के गौ रक्षा जिला अध्यक्ष को दी गई। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उनका दावा है कि करीब 500 मीटर क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक गोवंशों के अवशेष बिखरे पड़े थे।

सूचना पर कार्यवाहक थाना प्रभारी श्याम सुंदर गिरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीमा विवाद की स्थिति स्पष्ट होने पर सैनी थाना पुलिस तथा क्षेत्राधिकारी सिराथू सत्येंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी।

हिंदू सुरक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रवि पांडेय ने आरोप लगाया कि घटनास्थल पर खून के निशान और धारदार हथियार मिलने से बड़े पैमाने पर गौहत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि मामले को दबाने का प्रयास नहीं होना चाहिए तथा निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

वहीं, मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों का कहना था कि घटनास्थल आसपास के गांवों से करीब दो किलोमीटर दूर है और वहां तक पहुंचने का रास्ता भी कठिन है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से मृत गोवंशों को इतनी दूर लाकर फेंके जाने की संभावना कम प्रतीत होती है। इस कारण पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

क्षेत्राधिकारी सिराथू सत्येंद्र तिवारी ने पशु चिकित्सकों को बुलाकर सभी अवशेषों का पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर अवशेषों को सुरक्षित दफन कराया गया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की उच्चस्तरीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# काम के प्रति सलमान के समर्पण के फैन हुए पुलकित

**2012 में 'बिट्टू बॉस' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले पुलकित सम्राट ने 'फुकरे' से इंडस्ट्री में लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद पुलकित कई फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में पुलकित ने सलमान खान की एक खास सलाह के बारे में बात की, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। साथ ही पुलकित ने यह भी बताया कि बिना किसी मेंटर के इंडस्ट्री में आगे बढ़ना उनके लिए कितना मुश्किल रहा।**

पुलकित ने बताया कि अपनी पहली फिल्म के समय हर नए कलाकार की तरह फिल्म के रिलीज होने से पहले वह भी घबराए हुए थे, लेकिन सलमान की बातों ने स्टारडम के बारे में उनका नजरिया बदल दिया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत घबराया हुआ था और सोच रहा था कि दर्शक फिल्म और मेरी परफॉर्मेंस को कैसा रिस्पॉन्स देंगे। सलमान भाई ने बस मेरी तरफ देखा और कहा, 'पुलकित, मैं सलमान खान हूं। यहां तक कि मुझे भी अपने अगले शुक्रवार की कोई गारंटी नहीं है। तो तुम खुद को क्या समझते हो? इसके बारे में टेंशन लेकर तुम क्या हासिल कर लोगे?' सलमान की इस सलाह से मुझे यह एहसास हुआ कि अगर उनके कद का कोई व्यक्ति बॉक्स ऑफिस पर सफलता की गारंटी नहीं दे सकता, तो मेरे लिए इस बात की चिंता या तनाव करने का कोई कारण नहीं है।


पुलकित ने आगे सलमान के काम के प्रति समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि वो 24 घंटे फिल्मों के बारे में ही सोचते रहते हैं। कभी-कभी जब उन्हें सिर्फ तीन घंटे की नींद मिल पाती है, तब भी वे अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में ही सोचते रहते हैं। चाहे वह किसी किरदार के लिए सही व्यक्ति को चुनना हो या फिर किसी बड़े एक्शन सीन पर विचार करना हो जिसे दर्शक थिएटर में पसंद करें। उनके इस समर्पण को देखकर मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं उनकी कामयाबी का 50% भी हासिल करना चाहता हूं, तो मुझे 500% ज्यादा मेहनत करनी होगी।



# रश्मिका मंदाना फिर करेंगी अल्लू अर्जुन के साथ काम

## शाहरुख कर सकते हैं कैमियो

**'पुष्पा' में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की जबरदस्त केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, और अब खबर है कि ये जोड़ी फिल्म 'राका' में फिर साथ नजर आएगी।**




### अहम भूमिका निभाएंगी रश्मिका!

वैरायटी की रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल जल्द ही मुंबई में शुरू होने वाला है और रश्मिका भी जल्द इस शेड्यूल को जॉइन करेंगी। डायरेक्टर एटली की इस फिल्म को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है, और रश्मिका की एंट्री से फैंस का एक्साइटमेंट और बढ़ गया है। दर्शक इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हर नई अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### क्या शाहरुख खान का होगा कैमियो?

खबरों की मानें तो इस फिल्म में रश्मिका के अलावा मृणाल ठाकुर और जाह्नवी कपूर भी अहम किरदारों में नजर आ सकती हैं। वहीं, यह भी चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म में कैमियो कर सकते हैं, हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हाल ही में ऐसी भी खबर आई थी कि फिल्म का टीजर एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया जा सकता है, जिसमें एटली, अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण शामिल हो सकते हैं। अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने 'राका' का पहला पोस्टर रिलीज किया था। इस पोस्टर में अल्लू अर्जुन का चेहरा फर के पीछे आंशिक रूप से छिपा हुआ नजर आता है, जिसमें उनके लुक को काफी वाइल्ड और दमदार दिखाया गया है। उनकी आंखें काफी पावरफुल और रहस्यमयी लग रही हैं।



### फिल्म से जुड़ी और जानकारी

बताया जा रहा है कि 'राका' को 700 करोड़ रुपये से ज्यादा के बड़े बजट पर बनाया जा रहा है। इस फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रही है। मुंबई में जल्द ही इसका अगला शूटिंग शेड्यूल शुरू होगा और पूरे साल इसकी शूटिंग जारी रह सकती है।



# फिल्मों में स्क्रीन टाइम नहीं, दमदार किरदार चाहिए

**अभिनेत्री चेतना पांडे को हालिया रिलीज फिल्म 'हॉन्टेड 3डी: इकोज ऑफ द पास्ट' से दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस सफलता के बीच चेतना ने करियर, फिल्मों के चुनाव और भविष्य की योजनाओं को लेकर बातचीत की।**

उन्होंने कहा कि अब वह केवल ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ाएं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ें। चेतना पांडे ने कहा, ' 'करियर के इस पड़ाव पर मैं खुद को किसी एक तरह के किरदार या फिल्म शैली तक सीमित नहीं रखना चाहती। हॉरर फिल्म में काम करने के बाद मुझे इस शैली की ताकत का एहसास हुआ है, इसलिए मैं आगे भी हॉरर फिल्मों में काम करना चाहूंगी। मैं सिर्फ इसी शैली तक सीमित नहीं रहना चाहती। एक कलाकार के रूप में मेरा सबसे बड़ा सपना खुद को और अपने दर्शकों को लगातार नए रूप में चौंकाना है।''

अभिनेत्री ने कहा, 'मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं, जो मुझे भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौती दे और मुझे आगे बढ़ाता रहे। चाहे कोई बड़ी कमर्शियल फिल्म हो, थ्रिलर हो या फिर बायोपिक, मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने यह बात रखती है कि मेरा किरदार दर्शकों के मन में लंबे समय तक बना रहे।' चेतना ने कहा, ' 'मुझे फिल्म में ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं चाहिए। मैं ऐसे रोल्स को प्राथमिकता देती हूं, जिनकी कहानी में दम हो और जो कुछ कहने की ताकत रखते हों। मैं केवल ग्लैमर दिखाने वाली भूमिकाओं की बजाय ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं, जो लोगों को सोचने पर मजबूर करें। हर नया प्रोजेक्ट मुझे पहले किए गए काम से आगे ले जाए और कुछ नया सिखाए।'' चेतना ने कहा, ' 'मैं अभी भी इस पूरे अनुभव को समझने और महसूस करने की कोशिश कर रही हूं। जब कोई कलाकार लंबे समय तक किसी फिल्म पर मेहनत करता है, कई तरह की चुनौतियों का सामना करता है और यह उम्मीद करता है कि दर्शक उसके काम को पसंद करेंगे, तब सफलता मिलने के बाद उस पल को तुरंत समझ पाना आसान नहीं होता।'' 'हॉन्टेड 3डी' फिल्म की सफलता पर खुशी जताते हुए चेतना ने कहा, 'पिछले कुछ दिन जश्न से ज्यादा आभार के रहे हैं। मैंने सबसे पहले परिवार, दोस्तों और उन लोगों से बात की, जिन्होंने इस सफर में हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यही है कि मेरे करीबी लोग मेरी सफलता से खुश हैं।

# हॉलीवुड में मेरा अभी बेस्ट काम आना बाकी है


**एक्टर प्रियंका चोपड़ा उन चुनिंदा भारतीय एक्टर्स में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों जगह कामयाबी हासिल की है। अपने हिंदी फिल्मी करियर के पीक पर वह इंटरनेशनल मौकों की तलाश में अमेरिका चली गईं। हालांकि, कई ग्लोबल प्रोजेक्ट्स में काम करने के बावजूद प्रियंका को लगता है कि हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में किए गए उनके काम के मुकाबले कम ही है।**

प्रियंका ने हॉलीवुड में अपने करियर पर नजर डाली और अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के साथ इसे और आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। 'बेवॉच', 'द मैट्रिक्स रेजरेक्शन्स' और हाल ही में रिलीज हुई 'द ब्लफ' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में शानदार अभिनय के बावजूद प्रियंका ने कहा कि उन्हें लगता है कि हॉलीवुड में उनका बेस्ट काम अभी आना बाकी है। एक्ट्रेस ने कहा कि अपने हिंदी भाषा के करियर में मैंने सभी बेहतरीन फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं के साथ काम किया है, मैंने अद्भुत कहानियां सुनाई हैं और अलग-अलग जॉनर में काम किया है। जबकि अमेरिका में हॉलीवुड में अपने अंग्रेजी भाषा के काम में मैंने ऐसा उतना नहीं किया है।

प्रियंका ने कहा कि अब उनका अगला चरण इस बात पर केंद्रित होगा कि वो हॉलीवुड में भी बॉलीवुड की तरह अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाएं। अगला बदलाव यह पता लगाने के बारे में है कि मैं अपने हॉलीवुड के काम में अपने किरदारों में वैसी ही विविधता कैसे ला सकती हूं जैसी भारत में ला पाई हूं। इस दौरान प्रियंका ने शादी और मां बनने के बाद अपनी जिंदगी के बारे में भी खुलकर बात की और माना कि उनकी जिंदगी बहुत ज्यादा बदल गई है। उन्होंने कहा कि आपकी प्राथमिकताएं सच में बदल जाती हैं। अब मैं बस अपना सामान पैक करके किसी फिल्म के लिए नहीं निकल जाती। मैं साल में पांच फिल्में नहीं करती। मैं पहले की तरह यात्रा नहीं करती। मैं इस बात को लेकर बहुत ज्यादा सोच-समझकर फैसला करती हूं कि मैं अपना समय कैसे और किसके साथ बिताती हूं। मैं एक कामकाजी मां के तौर पर जिंदगी को संभाल रही हूं। अब मुझे अपनी मां के लिए और भी ज्यादा सम्मान महसूस होता है।



# कॉमेडी के नाम पर दायरा क्रॉस नहीं कर सकते



**एक्टर अरशद वारसी इस वक्त धमाल मचाने की तैयारी में हैं। उनकी तीन-चार फिल्में और एक सीरीज आ रही हैं। उन्होंने इंटरव्यू में कॉमेडी से लेकर राजकुमार हिरानी संग काम, स्टारकिड्स और आज के स्टैंडअप कॉमेडियंस पर बात की।**

अपने तीस साल लंबे करियर में एक्टर अरशद वारसी ने हर तरह के किरदार निभाए हैं, मगर कॉमेडी के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। निजी जिंदगी में भी कमाल का सेंस ऑफ ह्यूमर रखने वाले अरशद वारसी 'मुन्ना भाई एमबीबीएस', 'गोलमाल' और 'जॉली एलएलबी' जैसी यादगार कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। आने वाली दिनों में बड़े पर्दे पर वह 'गोलमाल 5', 'धमाल 4' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसी फिल्मों में भी लोगों को हंसाने को तैयार हैं। वहीं, ओटीटी पर डार्क कॉमिडी सीरीज 'प्रीतम और पेड्रो' में इंस्पेक्टर पेड्रो की भूमिका में नजर आएंगे।

क्या इतनी सारी कॉमेडी फिल्मों के खुशनुमा माहौल ने अरशद को किसी तरह से बेहतर इंसान बनाया? इस पर वह कहते हैं, 'नहीं, नहीं, मैं हमेशा से ही खुशदिल इंसान हूं। मुझमें एक सेंस ऑफ ह्यूमर है और मेरे हिसाब से हर इंसान के लिए थोड़ा सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत जरूरी है। आपको खुद पर हंसना आना चाहिए। आज लोग छोटी-छोटी बातों पर सीरियस हो जाते हैं, मैं वाकई चाहूंगा कि वो ऐसा ना करें। जिंदगी को ज्यादा सीरियसली न लें। वैसे ही, हम सबकी जिंदगी में बहुत सारी तकलीफें हैं। हालात अजीब से होते जा रहे हैं, इसलिए आप छोटी-मोटी चीजों को छोड़ना सीखें। हमारी कॉमेडी फिल्में देखें, खुश रहें।'

इन दिनों एक ओर कॉमेडियन हास्य पर तरह-तरह के पाबंदियों का रोना रोते हैं, तो कॉमेडी के आपत्तिजनक और अश्लील होने को लेकर विवाद भी सामने आते रहते हैं। इस पर अरशद वारसी का मत एकदम साफ है कि आप दायरा नहीं क्रॉस कर सकते। बकौल अरशद, 'आप साफ कॉमेडी लिख सकते हैं। थोड़ा सा मुश्किल होता है लेकिन यह संभव है। यह भी संभव है कि आप बिना किसी को ठेस पहुंचाए कॉमेडी करें। मैं अक्सर जोक मारता रहता हूं, बहुत कुछ कहता रहता हूं, पर मुझे पता है कि मैं वो लाइन कभी नहीं क्रॉस करूंगा जिससे किसी को तकलीफ हो। मुझे पता होता है कि मैं किससे कह रहा हूं और क्या कह रहा हूं, वह जानना जरूरी है। आप वो दायरा क्रॉस नहीं कर सकते।

## राजकुमार हिरानी और उनके बेटे संग काम का एक्सपीरियंस

सीरीज 'प्रीतम और पेड्रो' की एक खास बात यह है कि फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी की इस डेब्यू सीरीज से उनके बेटे वीर हिरानी भी एक्टिंग में कदम रख रहे हैं। ऐसे में, पिता और बेटे दोनों की पहली फिल्म में काम करने के अनुभव पर पर अरशद ने अपने चुटीले अंदाज में कहा, 'मैं सोच रहा हूं कि उनके घर में जाकर रहने लगूं। कभी पिता से साथ काम पर चला जाऊं, कभी बेटे के साथ काम पर चला जाऊं (हंसते हैं)। असल में, मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव था। मुझे कभी नहीं लगा था कि वीर और मैं कभी साथ में काम करेंगे।

'मुन्ना भाई एमबीबीएस' की शूटिंग के दौरान वह 4 साल का बच्चा था लेकिन बहुत अच्छा लगता है कि वीर की पहली फिल्म में मैं हूं। मैं चाहूंगा कि वो जिंदगी में बहुत अच्छा करे और मुझे यकीन है कि वो करेगा।' वहीं, फिल्मी बच्चों के फिल्म का ही रास्ता अख्तियार करने की बहस पर वह पलटकर सवाल करते हैं, 'वह राजू हिरानी का बेटा है तो उसमें उसकी क्या गलती है? ये हमारे बच्चे हैं उसमें उनकी क्या गलती है? मैं ऐसे सोचता हूं। बाकी, सबका अपना नजरिया है।'

# सरसों की फसल में लगने वाले मुख्य कीट एवं उनका नियंत्रण

**देश में रबी फसलों में सरसों की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, सोयाबीन, मूंगफली के बाद सरसों की खेती देश भर में सबसे ज्यादा होती है। खाद्य तेल के रूप में सरसों की मांग अधिक रहने के कारण पिछले कुछ वर्षों से किसानों को सरसों की खेती से अच्छा मुनाफा हो रहा है। सरसों का अच्छा उत्पादन कई कारणों पर निर्भर करता है जैसे मिट्टी, जलवायु, बीज, रोग तथा कीट। कीट एवं रोगों का प्रभाव सीधे सरसों के उत्पादन पर होता है इसलिए किसानों को समय पर इनकी पहचान कर उन पर नियंत्रण पाना आवश्यक है।**

सरसों की फसल में समय-समय पर विभिन्न कीट एवं रोग काफी नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे उपज में कमी आती है। यदि समय रहते इन रोगों एवं कीटों का नियंत्रण कर लिया जाए तो सरसों के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। चेंपा या माहू, आरामक्खी, चितकबरा कीट, मटर का पर्ण सुरंगक कीट आदि सरसों के मुख्य कीट हैं।

## सरसों का माहूं (चैपा /मोयला /एफिडा) कीट

सरसों का माहू छोटा, लंबा व कोमल शरीर वाला कीट है। प्रौढ़ माहूं दो अवस्थाओं में पाया जाता है- पहला पंखरहित और दूसरा पंखसहित। पंखरहित प्रौढ़ 2 मि.मी. लंबे, गोलाकार व हरे रंग के या हल्के हरे पीले रंग के होते है। पंखसहित प्रौढ़ पीले उदर वाले व पंख पारदर्शी होते हैं। शिशु पंखरहित अवस्था के समान होते हैं, परन्तु आकार में छोटे होते हैं। दो नलीनुमा संरचनाएं (कोर्निक्ल्स) उदर के अंतिम भाग में उपस्थित होती है।

### हानि के लक्षण

ये कीट प्राय- दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में प्रकट होते हैं और मार्च के अंत तक सक्रिय रहते हैं और मार्च के अंत तक विभिन्न भागों जैसे - पुष्पक्रम, पत्ती, तना, टहनी व फलियों से रस चूसकर नुक्सान पहुंचाते हैं। ये कीट समूहों में रहते हैं व तीव्रता से वंशवृद्धि करते हैं। माहूं पहले फसल की वानस्पतिक कलिका पर प्रकट होते हैं व धीरे-धीरे पुरे पौधे को ढक लेते हैं। ये कीट मधुस्त्राव निकालते हैं और पौधों पर काले कवक का आक्रमण हो जाता है। तना व पत्तियाँ काली हो जाती हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण में बाधा आती है। इस प्रकाश यह कीट उपज व तेल की मात्रा में कमी करता है। बादालयुक्त व ठंडा मौसम वंशवृद्धि के लिए अत्यंत उपयुक्त होता है।

### समन्वित कीट प्रबंधन

जहाँ तक संभव हो सरसों की बुआई 15 अक्टूबर तक कर देनी चाहिए, इससे फसल माहूँ के प्रकोप से बच जाती है। उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा का ही प्रयोग करना चाहिए।

माहूँ के प्राथमिक आक्रमण पर 10 दिनों के अन्तराल पर 2-3 बार माहूँ ग्रसित टहनियों को तोड़कर नष्ट कर देने से माहूँ की वंशवृद्धि को कम किया जा सकता है।

फसल में कम से कम 10 प्रतिशत पौधे माहूँ से ग्रसित हों तथा प्रत्येक पौधे पर 26 से 28 माहूँ हों, तभी छिड़काव करना चाहिए।



ऑक्सी-डेमेटान मिथाइल (मेटासिस्टाक्स) 25 पायस सांद्रण अथवा डाइमिथोएट (रोगोर) 30 पायस सांद्रण अथवा मैलाथियान 50 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्र को 600-800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें

अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. को 5 मि.ली. / 15 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें। यदि दोबारा से कीट का प्रकोप हो तब 15 दिनों के अन्तराल से पुनः छिड़काव करें।

यह भी पढ़ें कृषि शक्ति योजना- मध्यप्रदेश



## सरसों की आरा मक्खी

इस कीट की प्रौढ़ मक्खी 8-11 मि.मी. लंबी, पीले-नारंगी रंग की ततैया की तरह होती है। इसके पंख धूसर रंग के व काली शिरायें लिए हुए होते हैं। इसका अंडरोपक दांतेदार व आरिनुमा होता है इसलिए इसे आरा मक्खी कहते हैं। सर व टाँगे काली होती है। इसकी सुंडी गहरे हरे रंग की होती है, जिसकी पीठ पर पांच लंबवत धारियां होती है।

### हानि के लक्षण

यह कीट मुख्य रूप से फसल की पौधावस्था (अक्टूबर-नवंबर) में ही नुक्सान पहुंचाता है। सूंडी, पत्तियों को काटकर उनमें अनियमित आकार के छेद कर देती हैं। अधिक प्रकोप की अवस्था में पौधे को कंकालित कर देती हैं। फसल में आक्रमण पौधावस्था में अधिक होता है और 3-4 सप्ताह पुरानी फसल में ज्यादा नुक्सान होता है। मध्य जलवायु और कम आर्द्रता इसकी वंशवृद्धि के लिए अनुकूल है।

### समन्वित कीट प्रबंधन

स्वच्छ कृषि क्रियाएं (खरपतवार नियंत्रण, वैकल्पिक पोषक पौधे व फसल अवशेषों आदि को नष्ट करना) अपनाना चाहिए।

गर्मियों के दिनों (मई-जून) में खेत की मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करनी चाहिए।

फसल लगभग एक माह की हो जाए तब सिंचाई करनी चाहिए। इससे इस कीट की सूंडी पानी में डूबकर मर जाती है।

इस कीट के प्रकोप की अवस्था में मैलाथियान 50 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करना चाहिए।

## मटर का पर्ण सुरंगक कीट

प्रौढ़ मक्खी छोटी काले रंग की होती है और इसका सिर पिला होता है। प्रौढ़ मक्खी की लंबाई 1.5 मि.मी., पंख विन्यास लगभग 4 मि.मी. व घरेलू मक्खी के समान परन्तु आकार में छोटी होती है। नए मेगेट्स कीट धूसर सफेद रंग के होते हैं और इनके मुखांग काले भूरे रंग के होते हैं। पूर्ण विकसित कीट हरा पीला रंग का लगभग 3 मि.मी. चौड़ा, जिनका मध्य भाग मोटा और आगे से चपटा होता है। कीट पत्ती में सुरंग के अंदर रहता है और सुरंग में ही कृमिकोष में चला जाता है।

### हानि के लक्षण

पौधे की पत्तियों में प्रौढ़ मादा के अन्डरोपक से अंडे देने के लिए छोटे-छोटे छेद करती है। प्रौढ़ मादा व नर इन छेदों से निकलने वाले रस को चूसते हैं। ये कीट पत्ती के पैरेनकाइमा ऊतकों को खाकर टेढ़ी-मेढ़ी सुरंग बनाते हैं। अत्यधिक ग्रसित पत्तियां पीली होकर गिर जाती है व उपज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। अधिक प्रकोप की दशा में ग्रसित पत्तियां छितर जाती हैं। पौधों का ओज प्रभावित होता है और पुष्पं एवं फलन गतिविधियाँ प्रभावित होती है। इस कीट का प्रकोप प्राय- पुरानी पत्तियों पर अधिक होता है।

### समन्वित कीट

ग्रसित पत्तियों को तोड़कर जमीन में दबा देना चाहिए, ताकि पत्तियों में छिपे कीट व कृमिकोष नष्ट हो जाएं।

आँक्सी-डेमेटोन मिथाइल 25 पायस सांद्रण या डाइमिथोएट 30 पायस सांद्रण की एक लीटर मात्रा को 600-800 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. को 5 मि.ली. / 15 लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव करें।

## चितकबरा कीट

प्रौढ़ कीट के शरीर के ऊपर काले व चमकीले नारंगी रंग के धब्बे होते हैं। प्रौढ़ 6.5-7.0 मि.मी. चौड़ा व पूर्ण विकसित शिशु 4 मि.मी. लंबा व 2.6 मि.मी. चौड़ा होता है। इन पर भूरी धारियां पाई जाती हैं। पहली व दूसरी अवस्था शिशु कीट का रंग चमकीला नारंगी और तीसरी व चौथी अवस्था का रंग लाल होता है। मुखांग चुभाने-चूसने वाले एवं पश्चोंमुखी होते हैं।

### हानि के लक्षण

ये कीट फसल के छोटे-छोटे पौधों को या पौध अवस्था में अधिक नुक्सान पहुंचाते है। शिशु एवं प्रौढ़ दोनों ही पौधे की पत्तियों एवं प्ररोह से रस चूसकर हानि पहुंचाते हैं। फसल की दो पत्ती अवस्था में नुक्सान होने पर ग्रसित उपरी भाग मुरझाकर सुख जाता है। वानस्पतिक अवस्था में प्रकोप के समय पत्तियों पर सफेद धब्बे हो जाते हैं। पौधे का विगलन हो जाता है व पौधे पूर्णत- सुख जाते हैं। दोनों मामलों में फसल की दोबारा बुआई आवश्यक हो जाती है। यह कीट फली बनने व पकने की अवस्था में भी आक्रमण करता है, जिससे फलियाँ व दाने सिकुड़ जाते हैं। खलिहानों में कटी हुई फसल पर इन कीटों का आक्रमण व हानि को देखा जा सकता है। इस प्रकार यह कीट उपज व तेल की मात्रा में कमी करता है। मध्यम तापमान 20 से 40 डिग्री सेल्सियस व कम आर्द्रता इस कीट के गुणन के लिए उपयुक्त है।



## समन्वित कीट प्रबंधन

खेत में साफ़-सफाई रखनी चाहिए। खेतों के आसपास खरपतवार तथा फसल अवशेषों को नष्ट कर देना चाहिए।

खेतों की गर्मियों के दिनों (मई-जून) में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करनी चाहिए।

बुआई के 3-4 सप्ताह बाद यदि संभव हो, तो पहली सिंचाई कर देनी चाहिए।

पौधावस्था में इस कीट का आक्रमण होने पर क्यूनालफाँस 10 प्रतिशत अथवा मैलाथियान 5 प्रतिशत धुल की 20-25 किलोग्राम मात्रा प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव करें।

अत्यधिक प्रकोप की अवस्था में मेलाथियान 50 पायस अथवा डाइमिथोएट (रोगोर) 30 पायस सांद्रण की एक लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 1708 एस.एल. की 150 मि.ली.मात्रा को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

फसल का रंग सुनहरा होने पर ही कटाई कर लेनी चाहिए। फसल की जल्द से जल्द मड़ाई कर लेनी चाहिए, जिसमें अधिक हानि न हो व पादप अवशेषों को तुरंत नष्ट कर देना चाहिए।



# अधिक लाभ के लिए करें बेबीकॉर्न की खेती

**कृषि क्षेत्र में किसान नई फसलों एवं नई किस्मों की वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि के क्षेत्र में फसलों का चयन बाजार मांग के आनुसार करना चाहिए, जिससे किसानों को उचित भाव मिल सकें। आज के समय में लोगों के बीच स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ बेबीकॉर्न की खपत में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वजह से इस फसल का बाजार मूल्य भी अधिक है एवं इससे बहुत से उत्पाद बनाए जाते हैं।**

बेबीकॉर्न मक्का की ही एक प्रजाति है, लेकिन इसकी उपयोगिता के आधार पर बेबीकार्न नाम दिया गया है। बाजार में मांग के अनुसार किसानों के बीच खेती की प्रतिस्पर्धा बनी हुई है। पौधे का अनिषेचित भुट्टा होता और रेशमी बाल (सिल्क) निकलने के 2-3 दिनों के अंदर तोड़कर उपयोग में लाया जाता है। यह काफी मुलायम होता है। समय बढने के साथ इसकी गुणवत्ता में गिरावट आती जाती है।

## बेबीकॉर्न से होने वाले लाभ

यह एक स्वादिष्ट व पौष्टिक आहार है, पत्तियों में लिपटा होने के कारण यह कीटनाशक दवाइयों के प्रभाव से मुक्त होता है। इस कारण यह स्वास्थ्य की द्रष्टि से एकदम सुरक्षित है। बेबीकॉर्न का उपयोग सलाद, सूप, सब्जी, अचार एवं कैंडी, पकौड़ा, कोफ्ता, टिक्की, बर्फी, लड्डू, हलवा, खीर इत्यादि के रूप में होता है। बेबीकॉर्न में फास्फोरस भरपूर मात्रा उपलब्ध होता है। इसके लिए अतिरिक्त इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्सियम, लौह व विटामिन भी उपलब्ध हैं। कोलेस्ट्रोल रहित होने एवं रेशों की अधिकता के कारण यह एक निम्न कैलोरीयुक्त आहार है। यह ह्रदय रोगियों के लिए काफी लाभदायक है।

## मृदा का चयन एवं खेती की तैयारी

बेबीकॉर्न की खेती के लिए पर्याप्त जीवांशयुक्त दोमट मृदा अच्छी होती है। पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा शेष जुताई देसी हल/रोटावेटर या कल्टीवेटर द्वारा करके पाटा लगाकर खेत को तैयारी कर लेना चाहिए। बुआई के समय खेत में पर्याप्त नमी के साथ-साथ खेत पलेवा करके तैयार करना चाहिए।

## बुवाई समय एवं विधि

उत्तर भारत में बेबीकार्न फरवरी से नवंबर के मध्य कभी भी बोया जा सकता है। बुवाई मेड़ों के दक्षिणी भाग में करनी चाहिए तथा मेड़ से मेड़ एवं पौधे से पौधे की दुरी 60 से.मी. म 15 से.मी. रखनी चाहिए। विभिन्न किस्मों के बीजों के आकार के अनुसार प्रति हैक्टेयर 22-25 किलोग्राम बीज दर उपयुक्त होती है।

## उर्वरक प्रबंधन

अच्छी उपज के लिए उर्वरक का सही उपयोग होना चाहिए। फास्फोरस, पोटाश, जिंक सल्फेट एवं 1/3 भाग नाईट्रोजन, बुआई के समय एवं 1/3 भाग बुआई के 25 दिनों बाद तथा शेष 1/3 भाग नाईट्रोजन 40 दिनों बाद डालना चाहिए। फाँस्फोरस, पोटाश, जिंक सल्फेट एवं द भाग नाईट्रोजन बुआई के समय, द भाग नाईट्रोजन बुआई के 25 दिनों के बाद द भाग 60-80 दिनों के उपरांत तथा शेष नाईट्रोजन 80-110 दिनों के बाद देनी चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

पहली निराई-गुडाई बुआई के 15-20 दिनों बाद तथा दूसरी 30 से 35 दिनों बाद अवश्य करनी चाहिए। इससे जड़ों में हवा का संचार होता है और ये दूर तक फैलकर भोज्य पदार्थ एकत्र करके पौधों को देती हैं। सीमाजीन 105 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर को 500-600 लीटर पानी में घोलकर बीज के अंकुरण के पूर्व खेत में छिडकाव करने से खरपतवार नहीं जमते और फसल तेजी से बढती है।

## बेबीकॉर्न की तुड़ाई का सही समय

मक्के की बेबीकार्न की गुल्ली को 3-4 से.मी. सिल्क (जीरा) आने पर तोड़ लेना चाहिए। गुल्ली तुडाई के समय ऊपर की पत्तियों को नहीं हटाना चाहिए। पत्तियों को हटाने से ये जल्दी खराब हो जाती है। रबी में एक दो दिन छोड़कर गुल्ली की तुडाई करनी चाहिए। एकल क्रांस संकर मक्का में 3- 4 तुड़ाई जरुरी है।

## कितनी उपज प्राप्त होगी

इस तरह खेती करने से बेबीकॉर्न की छिलकारहित उपज 15-20 क्विंटल प्रति हैक्टेयर प्राप्त होती है। इसके अलावा 200-250 क्विंटल प्रति हैक्टेयर हरा चारा भी मिल जाता है। बेबीकार्न का छिलका तुडाई के दिन उतारकर प्लास्टिक की टोकरी, थैली या कंटेनर में रखकर तुरंत मंडी में पहुंचा देना चाहिए।

## बेबी कॉर्न के साथ लगाएं अंतःफसल

रबी में बेबीकॉर्न के साथ आलू, मटर, राजमा, मेथी, धनिया, गोभी, शलजम, मूली, गाजर इत्यादि अंतःफसल के रूप में ली जाती है। अंतःफसल से जो उपज प्राप्त होती है वह अतिरिक्त लाभ होता है।





# स्ट्राबेरी

स्ट्राबेरी एक स्वादिष्ट, लुभाने वाला तथा पौष्टिक फल है। इसमें विटामिन सी तथा लोहा बहुतायत में होते हें।

**साधारणत:** हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र में पैदा किया जाता है।

**किस्में :** चान्डलर, गुरिल्ला, टियोगा, सीस्कैप, स्वीटचार्ली, डाना, टोरे, सेल्वा, बेलरूपी, फर्न, पजारो इत्यादि।

नर्सरी तैयार करना - स्ट्राबेरी का प्रवर्धन मुख्य रनर (लता को पकड़ने वाली नोक) द्वारा किया जाता है जाकि कायिक प्रवर्धन का एक भाग है। एक पौधे से 7–10 रनर प्राप्त होते हैं। बड़े स्तर पर प्रवर्धन के लिए सूक्ष्म प्रवर्धन (ऊतक प्रवर्धन) का प्रयोग करते हैं। इस विधि से पूरे वर्ष पौधे प्राप्त करते हैं।

सस्य क्रियाएँ - भूमि को तैयार करना स्ट्रबेरी की खेती के लिए जरूरी होता है। भूमि को जोतकर सममतल बनाते हैं। रनर का रोपक समय सितम्बर–अक्टूबर है। रोपक करते समय यह ध्यान रहे कि रनर स्वस्थ,, कीट एवं बीमारी रहित होने चाहिए। चार तरीके से इसका रोपक करते हैं, जैसे– मैटिड से, स्पेस्ड से, हिल तथा प्लास्टिक फिल्म।

**उर्वरण व खाद :** भिन्न–भिन्न खद एवं उर्वरण की दर अलग–अलग राज्यों के लिए निर्धारित की गई है जिसमें हिमाचल प्रदेश के लिए खाद व उर्वरण को इस प्रकार निर्धारित किया गया है - 50 टन सड़ी हुई गोबर की खाद, 40 कि.ग्रा. फॉस्फोरस, 40 कि.ग्रा. पोटाश को भूमि तैयार करने समय डालते हैं। नत्रजन (80 कि.ग्रा.) को दो भागों में बांटका एक भाग को सितम्बर और दूसरे भाग को फुल आते समय देना चाहिए।

खरपतवार नियंत्रण - खरपतवार नियंत्रण के लिए 3–4 निराई–गुड़ाई की आवश्यकता होती है। ड्यूरान रसायन 5 कि.ग्रा./है. का एक छिड़काव फसल की गुड़ाई के बाद करें।

तुड़ाई एवं उपज - स्ट्राबेरी की तुड़ाई फलों के आधे से तीन चौथाई भाग के रंग बदलने के पश्चात् करते हैकं। फलों का पकना गर्म मौसम में शीघ्र होता है। फल की तुड़ाई डण्ठल सहित सुबह के समय करते हैं। इसकी उपज 90 क्विंटल/है. आंकी गई है। अच्छे उव्ररण प्रबंध द्वारा इसकी उपज 175–200 क्विंटल/है. तक होती है।

## तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी

फलों की सतह का 2/3 हिस्सा लाल रंग का होने पर तुड़ाई करे।

छंटाई करके फलो को प्लास्टिक की पन्नेट (200 ग्राम) में पैक करें।

पन्नेट को सिंगल लेयर सीएफबी बॉक्य में रखें।

फलों को शीत गृह मे 4–5 डिग्री से. तापमान व 85–90 प्रतिशत आर्द्रता पर 20–25 दिन के लिए भण्डारित करें।

फलों से जैम, जेली, आईसक्रीम आदि उत्पाद तैयार करें।

कीट प्रकोप एवं प्रबंधन

### 1. लाल मकड़ी माइट

ये लाल रंग के माइट पत्तों की निचली सतह से रस चूसते हैं जिससे पत्तों पर धब्बे बन जाते हैं तथा उनकी वृद्धि रूक जाने से उपज कम हो जाती है।

### 2. थ्रिप्स

थ्रिप्स पौधे के पत्तों व फलों से रस चूसकर हानि पहुँचाते हैं। इनसे फसल के बचाव के लिए एन्डोसल्फान 35 ई.सी. 2 मि.लि./लिटर या कार्बेरिल 50 डब्ल्यू.पी. 2 ग्राम/लिटर या डाइमेथेएट 30 ई.सी. 1 मि.लि./लिटर का छिड़काव करें।

### 3. पत्ती सूत्रकृमि (लीफ नेमाटोड)

यह सूत्रकृमि पौधे के नए फलों को नुसान पहुँचाता है जिससे ये टेढ़े–मेढ़े हो जाते हैं तथा इन पर स्लेटी रंग के धब्बे बन जाते हें। पौधों की वृद्धि पर बुरा प्रभाव पड़ने से ऊपर काफी कम हो जाती है।

### प्रबंधन

1. खेत की मिटटी का निर्जर्मीकरण करें।
2. रोपाई से पहले पौधे को 5 मिनट के लिए इसाजोफॉस 50 ई.सी. के 2 प्रतिशत घोल में डुबोएँ।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com